संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 04 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 151 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराईः देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

# बालासोर में रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म, 288 की मौत

## एक मालगाड़ी और दो एक्सप्रेस ट्रेन भिड़ीं, रूट पर टक्कर रोकने वाला सिस्टम नहीं था, 'दुर्घटना का जो भी दोषी है, उसे बक्शा नहीं जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
**ओडिशा** के बालासोर में शुक्रवार शाम हुए ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गई है। 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। रेलवे के मुताबिक 650 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। हादसा बालासोर के बहानगा बाजार स्टेशन के पास शुक्रवार शाम करीब 7 बजे हुआ। न्यूज एजेंसी ने रेलवे के हवाले से जानकारी दी है कि ट्रेनों के बीच टक्कर रोकने वाला कवच सिस्टम इस रूट पर मौजूद नहीं था। हालांकि, हादसे के 21 घंटे बाद यानी शनिवार शाम 4 बजे तक रेल मंत्री या रेलवे मिनिस्ट्री की तरफ से हादसे की वजहों पर कुछ नहीं कहा गया। मंत्री से लेकर अफसर तक ने केवल जांच कराने की बात कही। इधर न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि सिग्नल फेल होना भी हादसे की वजह हो सकता है।





**पहले ट्रेन डिरेल होने की खबर आई, फिर टकराने की जानकारी मिली:** हादसे के एक घंटे बाद शाम को करीब 8 बजे बालासोर में एक ट्रेन के पटरी से उतरने की खबर आई। इसके बाद दूसरी ट्रेन के डिरेल होने की बात पता चली। रात करीब 10 बजे साफ हुआ कि दो यात्री गाड़ियां और एक मालगाड़ी टकराई हैं। शुरूआत में 30 लोगों के मारे जाने की जानकारी थी, लेकिन देर रात यह आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया।

**एक ट्रेन मालगाड़ी से टकराई, सामने से आई दूरंतो इसकी बोगियों से भिड़ी:** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बहानगा बाजार स्टेशन की आउटर लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस यहां डिरेल होकर मालगाड़ी से टकरा गई। एक्सप्रेस का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरीं। कुछ देर बाद तीसरे ट्रैक पर आ रही हावड़ा-बेंगलुरु दुरंतो ने कोरोमंडल एक्सप्रेस की बोगियों को टक्कर मार दी।



**पीएम मोदी घटनास्थल पर पहुंचे, घायलों से भी मिले:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम करीब 4 बजे घटनास्थल पहुंचे। वे अस्पताल में घायलों से मिलेंगे। इससे पहले पीएम ने रेल हादसे की समीक्षा के लिए हाई लेवल मीटिंग भी बुलाई थी। इधर, हादसे के बाद रेलवे ने अलग-अलग स्टेशन पर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। हादसे में सुरक्षित बचे 1000 पैसेंजर्स को विश्वेसरैया-हावड़ा एक्सप्रेस से हावड़ा रवाना कर दिया गया है। बालासोर से आने वाली एक स्पेशल ट्रेन से घटनास्थल पर फंसे 200 पैसेंजर्स को खाना और राहत सामग्री देकर भेजा गया। एनडीआरएफ की तीन टीमें और 20 से ज्यादा फायर सर्विस एंड रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर हैं। इनमें 1200 बचाव कर्मी मौजूद हैं। भुवनेश्वर में अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद 115 एंबुलेस, 50 बसें और 45 मोबाइल हेल्थ यूनिट्स तैनात की गई हैं।

### दोनों ट्रेनों के पहुंचने में 3 घंटे का फर्क था, पर एक साथ आ गईं

**ट्रेन** नंबर 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 जून को सुबह 7:30 बजे बेंगलुरु के यशवंतपुर स्टेशन से चली थी। इसे 2 जून को शाम करीब 8 बजे हावड़ा पहुंचना था। यह अपने समय से 3.30 घंटे की देरी से 6:30 बजे भद्रक पहुंची। अगला स्टेशन बालासोर था, जहां ट्रेन 4 घंटे की देरी से 7:52 पर पहुंचने वाली थी। वहीं, ट्रेन नंबर 12841 शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस 2 जून को ही दोपहर 3:20 बजे हावड़ा से रवाना हुई थी। ये 3 जून को शाम 4:50 बजे चेन्नई सेंट्रल पहुंचती। यह अपने सही समय पर 6:37 बजे बालासोर पहुंची। अगला स्टेशन भद्रक था जहां ट्रेन को 7:40 बजे पहुंचना था, लेकिन 7 बजे करीब दोनों ट्रेन बहानगा बाजार स्टेशन के पास से आमने-सामने से गुजरीं, तभी हादसा हुआ।

### 'दुर्घटना का जो भी दोषी है, उसे बक्शा नहीं जाएगा'



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार शाम करीब 4 बजे घटनास्थल पहुंचे। वे अस्पताल में घायलों से भी मिले। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का जो भी दोषी है, उसे बक्शा नहीं जाएगा। हर तरह की जांच के निर्देश दिए हैं। हम इस घटना से सबक लेंगे और व्यवस्था को सुधारेंगे। पीएम ने घायलों की मदद करने वालों को शुक्रिया कहा। मंत्री से लेकर अफसर तक ने केवल जांच कराने की बात कही। रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया है।


### रेल मंत्री, ओडिशा-बंगाल के सीएम बालासोर पहुंचे

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव सुबह बालासोर पहुंचे और उन्होंने हादसे की जांच के आदेश दिए। रेलवे ने प्रभावितों के लिए मुआवजे का ऐलान भी किया है इधर, ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने बालासोर के अस्पताल का दौरा किया। राज्य सरकार ने एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी बालासोर पहुंची। उन्होंने घायलों के लिए राज्य की तरफ से मुआवजे का ऐलान किया। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने ओडिशा के मुख्यमंत्री से बात की है। तमिलनाडु के मंत्री उधयनिधि स्टालिन, शिव शंकर और ए महेश ओडिशा जा रहे हैं।

## सरकार का ध्यान केवल लग्जरी ट्रेनों परः विपक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
**ओडिशा** में ट्रिपल ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या दुर्घटना के 15 घंटे बाद 280 के पास पहुंच गई है जबकि घायल होने वालों की संख्या 900 के करीब है। विपक्ष इस मामले में अब सरकार पर हमलावर हो गई है। विपक्ष ने मामले में रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। बता दें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हादसे की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करने का आदेश दे दिया है। बता दें शुक्रवार को देर शाम चेन्नई जारी रही कोरोमंडल एक्सप्रेस, हावड़ा जा रही बेंगलुरु हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी भीषण हादसे का शिकार हो गई। विपक्ष के नेताओं ने हादसे के लिए जिम्मदार सिग्नल फेल्योर के लिए आरोप लगाने शुरू कर दिए हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा कि सिग्नल फेल होने से इतना बड़ा हादसा विश्वास से परे और आश्चर्यजनक है। हादसे ने कुछ गंभीर सवाल खड़े किए हैं जिनका जवाब दिया जाना चाहिए। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि तीनों ट्रेनें एक-दूसरे पर कैसे ढेर हो गईं। शुरूआती खबरों में कहा गया है कि डाउन लाइन पर बेंगलुरु-हावड़ा ट्रेन शाम 6.55 बजे पटरी से उतर गई।



# 'फैमिली आईडी बनवाने का कैंप लगाते तो लोगों होता फायदा'



टीम एक्शन इंडिया/पानीपत
आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा अपने पिता पूर्व विधायक स्वर्गीय फतेहचंद विज की पुण्य तिथि पर शिवाजी स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट करवाई जा रही है, जोकि एक अच्छी बात है। लेकिन इस क्रिकेट टूर्नामेंट का नगर निगम के कर्मचारी लुत्फ उठा रहे है और इसके चलते नगर निगम का काम बाधित हो रहा है। शहर वासियों को प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी आदि कामों को लेकर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे है। चुघ ने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय फतेहचंद विज एक बहुत अच्छे इंसान थे और उनकी याद में विधायक प्रमोद विज द्वारा यदि प्रॉपर्टी व फैमिली आईडी आदि बनवाने का शिवाजी स्टेडियम में कैंप लगवाया जाता तो अच्छा रहता। पानीपत शहर वासियों की परेशानियां दूर होने पर स्वर्गीय फतेहचंद विज की आत्मा भी प्रसन्न होती। राकेश चुघ शनिवार को जीटी रोड स्थित पीवीआर के पास जनता प्रीमियर रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राकेश चुघ ने कहा कि शहर में बेसहारा गोवंश की वजह से अनेकों लोगों की जानें जा चुकी है और अनेकों व्यक्ति घायल भी हो चुके है। इसलिये विधायक प्रमोद विज क्रिकेट प्रतियोगिता की बजाये शहर में बेसहारा घुमने वाले गोवंश का समाधान करवाते तो शहर वासियों को भी राहत मिलती। राकेश चुघ ने कहा कि देश में संविधान को बचाने के लिये आम आदमी पार्टी द्वारा जल्द ही बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जाएगा। वहीं निगम पार्षदों को लेकर पूछे गये सवाल पर राकेश चुघ ने कहा कि सरकार को पानीपत के सभी 26 पार्षदों की प्रॉपर्टी की जांच करवाई जानी चाहिये कि पार्षद बनने से पहले उनके पास कितनी प्रॉपर्टी थी और अब कितनी प्रॉपर्टी है। उन्होंने कहा कि इसी 8 जून को जींद में आप द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भाग लेंगे। पानीपत जिला से भी भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में जींद पहुंचेंगे। इस अवसर पर आप के प्रदेश के संयुक्त सचिव सुखबीर सिंह मलिक, जोनी चावला, दीपक बगा, हरीश बजाज, हरीश सलूजा, विपिन चावला, अर्जुन सिंह व राजकुमार आदि मौजूद रहे।

> राकेश चुघ ने कहा कि सरकार को पानीपत के सभी 26 पार्षदों की प्रॉपर्टी की जांच करवाई जानी चाहिये

# सरकार छीन रही बच्चों से शिक्षा का मौलिक अधिकार : वरूण



टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) भाजपा सरकार प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद कर बच्चों से शिक्षा का मौलिक अधिकार छीनने का काम कर रही है।सरकार ऐसा कर शिक्षा के अधिकार का निजीकरण करने का काम कर रही है।भाजपा सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में प्रदेश में मात्र 113 स्कूलों को अपग्रेड किया लेकिन सैंकड़ो स्कूल भी इस सरकार में बंद हुए है।ये बात मुलाना से कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी ने हल्के के गांव कोट कछवा कलां,बाबाहेड़ी,धुराली,ठरवा,मिजापुर,मोहड़ी, तेजा, माजरी,में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही।
इस कार्यक्रम के दौरान गांव ठरवा में लछमन सिंह पंच,मनदीप सिंह,जसबीर सिंह, अमनदीप सिंह,गुरप्रीत सिंह,ने साथियों सहित भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। विधायक ने कहा कि पिछले 2 सालों में राजकीय विद्यालयों में बच्चों को पुस्तकें वितरित नहीं की।उनके द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान राजकीय विद्यालयों में बच्चों को पुस्तकें न मिलने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था और शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में अपनी इस कमी को माना भी था और जल्द पुस्तकें वितरित करने की बात कही थी फिर जाकर बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई थी। जो मुफ्त पुस्तकें सालो साल से दी जा रही थी इस सरकार में मिलनी बंद हुई है। इसी तरह सरकार ने प्रदेश के छात्रों को टेब देने में बहुत देरी की थी जिस कारण छात्र पढ़ाई से वंचित रहे। विधायक ने कहा कि प्रदेश में बहुत से विद्यालय ऐसे है जहां पर पूरे विद्यालय में एक ही अध्यापक है और कई विद्यालयों में तो अलग अलग विषयों को पढ़ाने के लिए एक भी अध्यापक नही है। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के करीब 19.50 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाती थी।उसको भी मौजूदा सरकार ने लगभग बंद करने का काम किया है।जिससे साफ दिखाई पड़ता है कि प्रदेश सरकार राजकीय विद्यालयो को छोड़ने के लिए बच्चो को मजबूर कर रही है।
विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पंजीकरण संख्या बढ़ी थी परंतु इस सरकार में स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं न मिलने के कारण एवमं शिक्षक न होने की वजह से मजबूरी में अभिभावकों ने अपने बच्चों को राजकीय विद्यालयों से हटाकर निजी विद्यालयों में पंजीकरण कराना पड़ा।
विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान सिर्फ शिक्षा विभाग में एक लाख से ज्यादा नौकरियां दी गई थी जिसमें जेबीटी,पीजीटी से लेकर लेक्चरर, प्रोफेसर,गेस्ट टीचर,कंप्यूटर टीचर शामिल है लेकिन आज इस सरकार ने अध्यापक भर्ती करने के बजाय प्रदेश से अध्यापकों के हजारों पद को खत्म कर दिया है। हर साल सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य की गई है और ली भी जाती है परंतु फिर भी शिक्षकों की कोई भर्ती नही हुई है जिस कारण आज प्रदेश में शिक्षा स्नातक (बी,एड) महाविद्यालय लगभग बन्द हो चुके है।सरकार बताएं किस दबाव में वह शिक्षकों की भर्ती नहीं कर पा रही है।इन्होंने कहा कि शिक्षा पाना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21ए के अंतर्गत मौलिक अधिकार है और कांग्रेस ने हर बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने का एक मौलिक अधिकार बनाया और यह तानाशाही भाजपा सरकार आज शिक्षा के खिलाफ नीतियां बनाकर हमारे मौलिक अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है।

# राजीव जैन पीड़ित परिवार के बच्चों का हालचाल जाना





टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
बस अड्डे के समीप सुनील उर्फ सन्नी के घर में लगी भीषण आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। राजीव जैन सिविल हस्पताल में पीड़ित परिवार के बच्चों का हालचाल जानने भी पहुंचे। सरदारों वाली गली में स्थित सर्वजातीय शिव मंदिर में मूर्तियों के खंडित करने की सूचना मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव जैन मौके पर पहुंचे और शहर थानाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा को सूचना दी। थानाध्यक्ष पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कारवाई करने का आश्वासन दिया। राजीव जैन ने शिव परिवार समेत सभी मूर्तियों को खंडित करने की निंदा करते हुए कहा कि मंदिर पर आंच नहीं आने देंगे और हर हाल में मंदिर वहीं स्थापित रहेगा। उन्होंने अपनी तरफ से षिव परिवार भी स्थापित करवाने की घोषणा की।

> राजीव जैन ने शिव परिवार समेत सभी मूर्तियों को खंडित करने की निंदा करते हुए कहा कि मंदिर पर आंच नहीं आने देंगे

# नगर कीर्तन में संगतों ने किया भव्य स्वागत



टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला शहर के गुरुद्वारा मंजी साहिब से पातशाही 6वीं श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पूर्व के उपलक्ष्य में पंच प्यारों की अगुवाही में नगर कीर्तन आरंभ किया गया। यह नगर कीर्तन शहर के विभिन्न बाजारों में से होता हुआ देर शाम गुरुद्वारा मंजी साहिब पहुंचेगे। जगह-जगह पर संगतों द्वारा नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। कल शहर के सभी गुरुद्वारों में प्रकाश पूर्व के उपलक्ष में दीवान सजाए जाएंगे। साहिब सहित अन्य गुरुद्वारों में भी कीर्तनी, जत्थे संगतों को कीर्तन व कथा द्वारा संगतों को निहाल करेंगे।

# 2 नए कोर्स होंगे शुरू शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में




खरखौदा/सोमपाल सैनी
पीपली महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में नए शैक्षणिक सत्र 2023 -24 में 2 नए कोर्स शुरू करने के लिए सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। उनका कहना हैं कि हाल ही में उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने घोषणा की है कि 2 राजकीय महाविद्यालयों में नेशनल एंड साइबर सिक्योरिटी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शुरू किया जा रहा है। जिसमें खरखौदा और झज्जर के राजकीय महाविद्यालय में रक्षा पत्रकारिता में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी शुरू किया जा रहा है । पत्रकारिता रोजगारोन्मुखी विषय है तथा नई शिक्षा नीति के अनुरूप भी है। इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। आज के समय में साइबर सिक्योरिटी जैसे विषयों की और विद्यार्थी आकर्षित है तथा भविष्य में भी इसमें बेहतर संभावनाएं हैं । ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को ऐसे विषयों के लिए शहरों की तरफ प्रस्थान करना पड़ता था। लेकिन अब उनके ग्रामीण क्षेत्र में ही इस तरह के डिप्लोमा कोर्स शुरू होने के कारण विद्यार्थी बेहद उत्सुक हैं और उनके लिए यह सुनहरा मौका भी है।

# प्लाट पर कब्जा करने को लेकर जानलेवा हमला करने का आरोप

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पुरखास अड्डा स्थित न्यू महावीर कालोनी में प्लाट पर अवैध कब्जा करने के लिए हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपित पर प्लाट पर कब्जा करने के लिए कार से छह-सात युवको को भेजकर हमला करने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। न्यू महावीर कालोनी निवासी तरुण कुमार ने पुलिस को बताया कि नकलोई के रहने वाले महेंद्र सिंह दहिया उनके प्लाट पर कब्जा करने की फिराक में है। वह कई साल से प्लाट को छोड़ देने की धमकी दे रहे है। अब उन्होंने कुछ युवकों भेजकर प्लाट पर तोड़फोड़ कराई और वहां काम कर रहे कामगारों से मारपीट कराई। उनको डंडों से पीटा और काम नहीं करने की धमकी दी। पीड़ित ने कहा कि आरोपित महेंद्र सिंह दहिया ने धमकी दी है कि प्लाट से कब्जा नहीं छोड़ा तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सुनील कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

> एचसी सुनील कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी

# जिला को अपराध-मुक्त बनाना पुलिस की प्राथमिकता : सुरेन्द्र सिंह भोरिया



टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक ) कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कारवाई करते हुए वर्ष 2023 के प्रथम पांच महीनों के दौरान अपराधों पर अंकुश लगाने में कामयाब रही। जिला पुलिस ने 5 माह में विभिन्न अपराधों में शामिल अपराधियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।
पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही पुलिस टीम ने पांच माह के दौरान आर्म्स एक्ट के तहत 19 अभियोग दर्ज कर 26 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों से 12 देसी पिस्तौल/ रिवाल्वर, 19 देसी कट्टे, 49 जिंदा रौंद बरामद किये गये हैं। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 101 मुकदमें दर्ज कर 158 आरोपियों को लाखों रूपए के मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर आरोपियों को जेल भेजा गया। आरोपियों से 39 किलो 690 ग्राम गांजा, 18 किलो 874 ग्राम अफीम, 08 क्विंटल 83 किलो 630 ग्राम चूरापोस्त, 01 किलो 964 ग्राम चरस, 306 ग्राम 176 मिलीग्राम स्मैक, 331 ग्राम 834 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की गई। आबकारी अधनियम के तहत अवैध शराब तस्करी के 297 मुकदमें दर्ज कर 306 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से लाखों रूपए की 2249 बोतल ठेका देसी शराब, 297 बोतल अंग्रेजी शराब, 81 बोतल अवैध शराब, 07 बोतल बीयर व 390 लीटर लाहन तथा 01 चलती भट्ठी बरामद करके आरोपियों को जेल भेजा गया। जिला पुलिस द्वारा जुआ अधिनियम के तहत 123 मामले दर्ज करके 141 आरोपियों से 6 लाख 32 हजार 245 रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया का प्रयास केवल अपराधों पर अंकुश लगाना ही नहीं बल्कि समाज

# संस्था के लिए पुरातन छात्र ब्रांड एंबेसडर का काम करते हैं: प्रोफेसर शीशपाल




टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )आज स्थानीय भगवान परशु राम कॉलेज कुरुक्षेत्र में पहले छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने सभी पुराने छात्रों का सम्मेलन में पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि किसी भी संस्था के लिए पुरातन छात्र एक ब्रांड ऐंबेसडर का काम करते हैं, उनके माध्यम से ही संस्थान की छवि समाज में स्थापित होती है। जैसे गाड़ी के लिए पहिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है उसी प्रकार से पुरातन छात्र संस्थान के पहिए की भूमिका का संपादन करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्था में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाना चाहिए जिससे पुराने विद्यार्थियों को अपनी शिक्षण संस्था में आने का मौका मिल सके व साथ ही साथ अपने प्राध्यापकों से अपने अनुभव साझा कर सकें। इसी अवसर पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजन समिति की संयोजक डॉ. प्रवीण कुमारी ने सभी आए हुए पुरातन छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुरातन छात्रों के माध्यम से ही कॉलेज में सिखाए गए आदर्श मूल्य समाज में प्रवाहित होती है। सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए अंत में डॉ. प्रवीण शर्मा ने इन शब्दों से अपनी वाणी को विराम दिया : हर सुबह आपको सलाम दें, हर फूल आपको मुस्कान दे, हम दुआ करते हैं कि खुदा आपको, कामयाबी का नया आसमान दे।


> इस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने सभी पुराने छात्रों का सम्मेलन में पहुंचने पर स्वागत किया

# डेहा कॉलोनी में आगजनी व तोड़फोड़ हुई तो भाजपा पार्षद होगी जिम्मेवार: गोगी



टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)
गंभीर आरोपों की वजह से डेहा कॉलोनी के लोग एक बार फिर गुस्से में दिखे। लोगों ने बिगड़ती स्थिति के लिए सीधे तौर पर भाजपा पार्षद अर्चना छिब्बर को जिम्मेदार ठहराया। उनका आरोप है कि अगर कॉलोनी में तोड़फोड़ व आगजनी की वारदात हुई तो पार्षद सीधे तौर पर जिम्मेदार होगी। कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि कि उन्हें डेहा बिरादरी की वजह से जानबूझकर जलील किया जा रहा है।
उधर कॉलोनी के पास रहने वाले रामनगर के कई परिवारों व रेहड़ी फेहड़ी वालों ने चोरी करने तथा नशा कर पार्कों में पूरे दिन पड़े रहने के आरोपों को सिरे से नकार दिया है। इसी आधार पर अब कॉलोनी के लोग पार्षद समेत उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं जोकि बेवजह के आरोप लगाकर डेहा कॉलोनी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।
बता दें कि बीते रोज डेहा कॉलोनी को लेकर रामनगर के कुछ परिवार यहां के एक पार्क में एकजुट हुए थे। यहां कई महिलाओं व पुरुषों कॉलोनी के लोगों पर चोरी करने तथा नशा कर पार्कों में पड़े रहने समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे। लोगों ने कहा था कि वे डेहा कॉलोनी की वजह से बेहद परेशान हैं। ज्यादातर ने कॉलोनी को यहां से हटाने की वकालत की थी। इस मीटिंग के बाद शुक्रवार को डेहा कॉलोनी के लोग एकजुट हो गए। इन लोगों ने मीटिंग में लगाए आरोपों का जमकर विरोध किया। कॉलोनी की प्रधान गोगी ने कहा कि हमारे आरोपों की वजह से अब भाजपा पार्षद रामनगर के लोगों को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। गोगी ने कहा कि अर्चना अगर सच्ची है तो उसे रामनगर की मीटिंग में आना चाहिए था।

# 'बीड़ सुजरा में 5 जून को लगाया जाएगा हेल्थ चैकअप कैंप'



टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन (दलबीर मलिक)
स्टालवार्ट फाउंडेशन की ओर से बाबैन ब्लॉक के एक गांव बीड़ सुजरा में 5 जून दिन सोमवार को लगाया जाएगा एक हेल्थ चेकअप एवं आंखों का निशुल्क जांच शिविर। स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य है कि लाडवा हल्के का कोई भी व्यक्ति बीमार न पड़े और सभी का स्वास्थ्य सही रहे। उसी कड़ी में उन्होंने कहा कि 5 जून दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक बाबैन ब्लॉक के गांव बीड़ सुजरा में एक हेल्थ चेक अप कैंप में आंखों की जांच का शिविर लगाया जाएगा। जिसमें हेल्थ चेक करने के लिए सिग्नस हॉस्पिटल की टीम के अनुभवी डाक्टर द्वारा हेल्थ की जांच की जाएगी, तो वही आदेश मेडिकल कॉलेज के कॉलेज व अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी।

# निगम के लाइनपार क्षेत्र में पेयजल किल्लत का होगा समाधान

## महलाना रोड वाटर वर्क्स पाइप लाइन से सेक्टर 23 के नवनिर्मित बूस्टर की पाइप लाइन को जोड़ने का कार्य हुआ पूरा



टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
मेयर निखिल मदान शुक्रवार रात को महलाना रोड पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा महलाना रोड वाटर वर्क्स और सेक्टर 23 बूस्टर की पाइप लाइन को जोड़ने के कार्य का निरीक्षण किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि इस कार्य के चलते नगर निगम के लाइन पार क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पेयजल किल्लत चल रही थी। आज यह कार्य पूरा हो गया है और कल सुबह से ही नगर निगम के लाइनपार क्षेत्र में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। जिसे एक-दो दिन में पूर्व की तरह सामान्य हालत में लाया जाएगा। गत दिवस भी यह लाइन जोड़ी गई थी लेकिन लीकेज होने के कारण दोबारा से लाइन को जोड़ने का कार्य शुरू किया गया था। अब इस पाइपलाइन के जुड़ने के बाद लाइन पार क्षेत्र के लोगों को अधिक समय औ? पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति की जाएगी।
इस अवसर पर निगम पार्षद नवीन तंवर एवं निगम के कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार, सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने कहा कि गर्मियों के मौसम में क्षेत्र वासियों को पेयजल किल्लत का सामना ना करना पड़े इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं और लाइन पार क्षेत्र की हर गली में पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक जगह पर नई वाल्व भी लगाई जा रही हैं। पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायत मिलने पर वह स्वयं मौके पर जाकर मुआयना कर रहे हैं और आगे भी पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# 'तीन मीटर से अधिक चौड़ी गलियों वाली सभी कालोनियां होंगी वैध'

## प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए प्रत्येक नगर परिषद और नगर निगम कार्यालय में उपलब्ध होंगे दो कर्मचारी

8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने करनाल में वार्ड चार के वासियों से हुए रूबरू

**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल के वार्ड-4 में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी सभी अवैध कालोनियों को वैध किया जाएगा जिनकी गलियां 3 मीटर से ज्यादा चौड़ी हैं और मुख्य रास्ते 6 मीटर से ज्यादा चौडे.हैं। इसके साथ-साथ ऐसी सभी कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं का खाका तैयार कर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वे सत्ता में सेवा करने के लिए आए हैं और उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुगमता और सहूलियत देना है ताकि लोंगों को इधर-उधर अपने कामों के लिए ना जाना पडे.।

**प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए प्रत्येक नगर परिषद और नगर निगम कार्यालय में उपलब्ध होंगे दो कर्मचारी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक नगर परिषद और निगम कार्यालय में दो कर्मचारियों को प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए विशेष तौर पर लगाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों को इधर-उधर न भटकना पड़े। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर परिवार का सर्वे कराकर आंकड़ा जुटा रही है कि परिवार में कितने लोग रहते हैं, कितने लोग बेरोजगार हैं, घर में कितने बुजुर्ग हैं, सारा सर्वे कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और उसी तरह की योजनाएं सिरे चढ़ाई जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पीपीपी के माध्यम से साढ़े बारह लाख राशन कार्ड बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जो राशन कार्ड वैद्य हैं और गलत तरीके से कटे हैं उनको दोबारा उसी श्रेणी में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड के पार्षद या मौजीज व्यक्ति अपने-अपने वार्डों से ऐसी लिस्ट बनाकर तैयार कर लें जो पात्र व्यक्ति हैं और उनके राशन कार्ड किसी कारण से कट गए हैं उन्हें अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय दे दे ताकि उनके नाम दोबारा जोड़े जा सके। परिवार पहचान पत्र से लेकर राशन कार्ड कट जाने तक की सभी गलतियां ठीक की जाएंगी। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम हैं, ऐसे परिवारों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाएगा ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत के साथ-साथ चिरायु हरियाणा योजना को लागू किया है ताकि गरीब परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।



### 'बरसात के मौसम से पहले करनाल की सभी कालोनियों का होगा सर्वे'

**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान करनाल के वार्ड 14 में लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी ओर से आई समस्याओं का समाधान करते हुए कहा कि बरसात के मौसम से पहले पूरे करनाल शहर की जल निकासी को लेकर सर्वे कराया जाएगा। इसको लेकर उन्होंने निगमायुक्त को सभी इंजीनियरों की टीम गठित कर जल्द से जल्द सर्वे कराने के निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिन कालोनियों में जलभराव की समस्या है उन सभी की लिस्ट तैयार करें और सभी इंजीनियर की टीम बनाकर सर्वे करवाया जाए कि किस कॉलोनी का पानी का फ्लो किस ओर है और वहां से जल निकासी की समस्या को किस तरह से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को बरसात से पहले पानी, सीवरेज, नालियां, जल निकासी इत्यादि मूलभूत सुविधाओं को लेकर विशेष अभियान चलाने तथा इन पर शीघ्रातिशीघ्र काम शुरू के निर्देश दिए।उन्होंने लोगों की मांग पर तुरंत प्रभाव से क्षेत्र के लोगों के लिए सीएससी खोलने के भी निर्देश दिए ताकि लोग अपनी योजनाओं के आवेदन के लिए दूर न जाएं और उन्हें यह सुविधा वही नजदीक मिल जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों को दफ्तरों के चक्कर ना काटने पड़े, इसके लिए प्रदेश सरकार ने ट्रांसफर पॉलिसी को सरल किया है। इससे आज के समय में अध्यापक खुश हैं। उनका उनके जोन के हिसाब से तबादला किया गया है और ऐसा पहली बार हुआ है की वरिष्ठता सूची के आधार पर अध्यापकों का तबादला किया गया है। यह पॉलिसी ऐसे सभी विभागों में लागू की जाएगी जहां 80 से ज्यादा कर्मचारी हैं। इसमें महिलाओं को छूट देने का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों में योग्यता और क्षमता के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं जिससे नौकरियों में पारदर्शिता आई है। गरीब परिवार के व्यक्ति को अब प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए पैसे की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसको लेकर प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के साथ चिरायु हरियाणा योजना चलाई है। वार्ड 14 के 765 लोगों ने अपने आयुष्मान चिरायु कार्ड बनवाए हैं और उन्होंने प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज भी कराया है।

## मुख्य सचिव ने किया खुंडेवाला व सुढैल गांव के अमृत सरोवरों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/ यमुनानगर**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बनाए जा रहे अमृत सरोवरों का यमुनानगर जिला के गांव खुंडेवाला व सुढैल में निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी सरोवरों को सौंदर्यकरण किया जाए तथा इनके आस-पास छायादार व फलदार पेड़-पौधे लगाए जाए। मुख्य सचिव ने शनिवार को यमुनानगर जिला के अपने दौरे के दौरान गांव सुढैल में 69 लाख रुपए व खुंडेवाला में 46 लाख रुपए की लागत से बन रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना है। उनका मकसद है कि गांव में साफ-सफाई हो और शहर जैसा वातावरण हो। गांव में पानी की निकासी की दिक्कत न हो, इसके लिए प्रधानमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न गांव में अमृत सरोवर का सौंदर्यकरण करने की योजना बनाई है।

# किसानों से फसली लोन पर ब्याज वसूली बंद करे बीजेपी-जेजेपी: हुड्डा

8 बीजेपी-जेजेपी सरकार ने आज तक किसान हित का एक भी फैसला नहीं लिया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे पर दुःख जताते हुए पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि दी व घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। हुड्डा ने सरकार से पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुंचाने एवं मृतकों के परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को टाला जा सके। हुड्डा चंडीगढ़ में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सहकारी बैंकों द्वारा किसानों से फसली लोन पर ब्याज वसूली किए जाने को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई। हुड्डा का कहना है कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान फसली लोन पर किसानों को राहत देते हुए इसे जीरो कर दिया गया था। किसानों पर पड़ने वाले बोझ को सरकार खुद वाहन करती थी और किसानों से कोई ब्याज नहीं लिया जाता था। लेकिन, मौजूदा सरकार ने ब्याज में राहत की इस योजना को रिन्यू नहीं किया। इस वजह से बैंकों ने किसानों से ब्याज की वसूली शुरू कर दी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार बिना देरी के कांग्रेस द्वारा लागू की गई योजना को रिन्यू करे। अबतक जिन किसानों से ब्याज की वसूली हुई है, उन्हें रिफंड किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी किसान से ऐसी वसूली नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार ने आज तक किसान हित का एक भी फैसला नहीं लिया। सूरजमुखी के किसान एमएसपी के लिए तरस रहे हैं।

# 'रेलवे कॉरिडोर के तहत बनाए जाएंगे यमुनानगर में तीन स्टेशन'

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**हरियाणा के** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि रेलवे कॉरिडोर के तहत यमुनानगर जिले में तीन स्टेशन बनाए गए है। इन स्टेशनों से उद्योगपतियों को कैसे लाभ मिले, इसके लिए यमुनानगर के उपायुक्त द्वारा एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी यमुनानगर क्षेत्र के उद्योगपतियों से जानकारी लेकर स्टेशनों पर सुविधा मुहैया करवाएगी। इन रेलवे कॉरिडोर बनने से इस क्षेत्र के व्यापारियों के साथ-साथ पौंटासाहिब तक के उद्योगपतियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होनें बताया कि यमुनानगर से 700 कंटेनर का आयात होता है और 600 कंटेनर का निर्यात होता है।मुख्य सचिव आज यमुनानगर जिला सचिवालय के सभागार में यमुनानगर जिले में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों के साथ



एक्सप्रैस हाई-वे, रेलवे कॉरिडोर व मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य के बारे में अधिकारियों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्य होना है वह विजन के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे कॉरिडोर में तीन स्टेशन बनाए जाएगे, जिनमें न्यू कलानौर, दराजपुर, न्यू जगाधरी रेलवे स्टेशन शामिल है।
रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि रेलवे कॉरिडोर का कार्य अंतिम चरणों में है। न्यू कलानौर जंक्शन, न्यू जगाधरी रेलवे जंक्शन हाई-वे से जुड़े है, इससे व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्य सचिव ने यमुनानगर जिला के उपायुक्त से कहा कि जिले में जो तीन स्टेशन बनाए गए है ,इनका प्रयोग कैसे हो इसके लिए व्यापारियों, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मिलकर प्लान बनाए जाए और सैमिनार आयोजित करके इस सुविधा के बारे में जानकारी दे ताकि सभी को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

8 यमुनानगर-जगाधरी शहर को जोडने के लिए छोटी सडक नहीं बल्कि हाई-वे से फॉरलेन सडक होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि कलानौर रेलवे स्टेशन पर लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य होगा। यह रेलवे स्टेशन हाई-वे के काफी नजदीक है इससे इस क्षेत्र की जनता को लाभ होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि यमुनानगर-जगाधरी शहर को जोडने के लिए छोटी सडक नहीं बल्कि हाई-वे से फॉरलेन सडक होनी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव ने इस जिलें में बन रही सडको के बारे में जानकारी ली और कहा कि सभी सडको को निर्धारित समय पर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि थर्मल पॉवर प्लांट को जोडने के लिए सडक को चौड़ा व मजबूत बनाया जाए।



# रक्त किसी कारखाने में नहीं बनता : रोहतास वर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ.अशोक कुमार वर्मा द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर नागरिक अस्पताल के रक्त केंद्र में 453वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी जींद रोहतास वर्मा मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे, जबकि अनेक बार रक्तदान कर चुके स्टार रक्तदाता विनोद कुमार वर्मा और प्रवीण खुराना ने शिविर की अध्यक्षता की। शिविर में प्रवीण खुराना और उनके पुत्र गगन खुराना ने एक साथ रक्तदान किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा और मैढ क्षत्रिय सुनार सभा के प्रधान रामभजन वर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में रक्त संग्रह किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्त किसी कारखाने में नहीं बनता और एक मनुष्य ही दूसरे मनुष्य को रक्त देकर जीवन की रक्षा कर सकता है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज विश्व साइकिल दिवस पर यह शिविर लगाने का



प्रयोजन यह है कि एक और तो हमें रक्तदान करके रक्त की आपूर्ति में सहयोग करना है, क्योंकि आज थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चे, सडक दुर्घटनाओं में घायल और गंभीर चीरफाड़ के मध्य रक्त की आवश्यकता होती है। दूसरे साइकिल के प्रयोग से स्वयं को स्वस्थ रखने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण भी करने की आवश्यकता है। मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा के प्रधान रामभजन वर्मा और कोषाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा तथा ईश्वर वर्मा ने संयुक्त रूप से डॉ. अशोक कुमार वर्मा के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मनुष्य का जीवन साकार कर लिया। शिविर में रोहित शर्मा, अरविन्द सिंह, शिव, प्रीती, नरेश कुमार खिप्पल, रमेश कुमार कल्याण, प्रवीण कुमार, गगनदीप, मुकेश, अमित वर्मा, अजमेर सिंह, बॉबी, सोहन लाल, अमन, खुशवंत सिंह सहित अनेक युवाओं ने रक्तदान किया।

## न्यूज फ्लैश

### कर्नाटक के बाद अब हरियाणा में चलेगा कांग्रेस का विजय अभियान: नाहर संधू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के सचिव नाहर सिंह संधू ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तथा कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला अब हरियाणा में कांग्रेस के विजय अभियान के लिए रणनीति के तहत अभियान चलाएंगे। उन्होंने रणदीप सुरजेवाला को देश का सबसे सक्षम और कुशल चुनाव रणनीतिकार बताया। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला की अगुवाई में हरियाणा का भविष्य सुरक्षित है। वह रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति को संबोधित कर रहे थे। सुरजेवाला के जन्मदिन पर आज सुबह हवन किया गया, जिसके माध्यम से उनकी दीर्घायु के लिए प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। हर तरफ दमनकारी नीतियां लागू हो रही हैं। हरियाणा में कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है। कार्यक्रम में सभी को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर ओप्रकाश सलूजा, अशोक काम्बोज, ईशम सिंह बीडमाजरा, रणजीत सिंह भादसो, मेघराज पूर्व एमसी इंद्री, सतपाल एमसी इंद्री, जस्सा सिंह इंद्री, राजेश टपरियो, रमेश नंबरदार, नरेंद्र, विकास संधू, जोरावर संधू, पंकज शर्मा, नीरज, सुनील कुमार, सुनेहरा वाल्मीकि, सुखबीर भार्गव और एडवोकेट प्रदीप मौजूद रहे।

### जिले में नहीं मिला कोई नया कोरोना पॉजिटिव केस : डॉ. रेनू चावला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना का कोई नया पॉजिटिव केस नहीं मिला है। जिले में अब तक 1093372 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 108 सैंपल लिए गए। कुल सैंपलों में से अब तक 50741 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50136 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस का एक एक्टिव पॉजिटिव केस है।

## समर कैंप में बच्चे सीख रहे पठन, वाचन व लेखन कला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो गई हैं, जिसके चलते मार्गदर्शन ट्यूटोरियलस द्वारा सेक्टर 8 में 15 दिवसीय समर कैंप लगाया गया है। शिविर में बच्चों को डांस, म्यूजिक, योग प्रशिक्षण, पेंटिंग आदि अन्य कई गतिविधियाँ करवाई जा रही हैं। समर कैंप की संचालिका मनीषा आर्या ने बताया कि छुट्टी के दौरान बच्चे पढ़ाई के साथ अलग हुनर सीख रहे हैं। पहले दिन बच्चों का तिलक कर स्वागत किया गया और बच्चों के साथ फ्रूट पार्टी की गई। कैंप में एक ओर जहां बच्चे हुनरमंद बनेंगे, वहीं उनकी प्रतिभा निखरेगी। उन्होंने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को नए कौशल प्रदान करना और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ ही अभिभावकों को भी गर्मी की छुट्टी का इंतजार रहता है।

## श्रीमद् भागवत कथा का बड़ी धूमधाम से हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत ग्रामीण हलके के बबैल रोड भारत नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बड़ी धूमधाम से हुआ जिसमें मुख्य अतिथि भाई विजय जैन रहे। कथा वाचक नितिन महाराज गोवर्धन वालों ने अपने मुखारविंद से श्रोताओं का मन मोह लिया आयोजन समिति ने भाई विजय जैन का फूल मालाओं और समृति चिन्ह देकर के भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए विजय जैन ने कहा है कि भगवान की कथा सुनने से समूल पापों का नाश हो जाता है और हमारे को 5 मिनट का समय निकालकर के भगवान का भजन अवश्य करना चाहिए, ताकि सदैव हमारी दिनचर्या स्वच्छ और सुंदर रह सके और हमारे मन में कोई बुरा विचार न आए और हमारी आत्मा सुधरे उन्होंने कहा है कि संतों की शरण में जाने से हमारे को बहुत लाभ मिलता है और संत ही सही मार्ग पर ले जाते हैं। इसलिए हमें संतों की शरण में हमेशा रहना चाहिए इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, बिट्टू प्रजापत, सुषमा शर्मा ,कृष्ण फौजी, कंवर पाल शर्मा, अंकित अग्रवाल, कमां स्कूल के महाप्रबंधक राजवीर कादियान, अंशु चौधरी, वीणा शर्मा, शिल्पा प्रजापत कंवरपाल खोखर ,बलदेव अरोड़ा हनुमान ,सतपाल राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुफ्त कानूनी सहायता को घर-घर तक पहुंचाने के लिए हुआ वर्कशॉप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर के मार्गदर्शन में सभी पैनल एडवोकेटस एवं पैरा लीगल वालंटियर्स, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का मकसद सभी पैरा लीगल वॉलिटियर्स को जो पूरे करनाल में एक महीने के लिए जून में सभी किसान भाइयों और आमजन के बीच में जाकर उनको मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्रदान की जाती है और यह किस किस को मिल सकती हैं, उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताएंगे और इसके व्यापक प्रचार के लिए बीडीपीओ कार्यालय एवं कृषि विभाग के दफ्तरों में जहां पर सभी किसानों



का लगभग व्यापक स्तर पर आना जाना होता है। सीजेएम ने बताया कि ऐसी जगह पर मुफ्त कानूनी सहायता किस किस को मिल सकती है या कौन-कौन इसके प्रार्थी हो सकते हैं। इसके बारे में बैनर लगाकर जागरूक किया जाएगा, ताकि न्याय सबके लिए एक वरदान साबित हो और विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के प्रावधान के तहत उन्हें मुकदमा न्यायालय में कोई मुकदमा लंबित है या किसी बैंक में प्रि लिटिगेटेड स्टेज पर है तो वह व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता लेकर जिसमें उसे वकील की सेवाएं प्रदान की जाती हैं, ताकि वह वकील उसके संबंधित मामले को उच्च न्यायालय में या अभिकरण में सुनिश्चित ढंग से पेश कर सके।

उन्होंने बताया कि मुफ्त कानूनी सहायता अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के सदस्य, स्त्रियों अथवा बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, औद्योगिक कामगार, एचआईवी पॉजिटिव ग्रसित व्यक्ति, किन्नर समुदाय से संबंधित व्यक्ति, दंगा पीड़ित और उनके परिवार वाले, स्वतंत्रता सेनानी अथवा आश्रित, किशोर अपराधी अर्थात 18 वर्ष तक आयु के व्यक्ति को सम्मिलित करते हुए परीक्षण आधीन व्यक्ति जो हिरासत में सुरक्षा ग्रह अथवा मानसिक अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति या वह व्यक्ति जिसकी आय वार्षिक आय 3 लाख से कम है या मनुष्य का अवैध व्यापार किए जाने से आहत व्यक्ति, इत्यादि को मिल सकती है।

## लूट व छीना झपटी की वारदातों के मामले में फरार दो और आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा-वन की टीम द्वारा जिले में लूट व छीनाझपटी जैसी गंभीर वारदातों पर अंकुश लगाते हुए हथियारों के बल पर लूट व छीनाझपटी की वारदातों को अंजाम देने के मामले में फरार दो अन्य आरोपियों रवि वेद उर्फ सुरेश पुत्र किशन कुमार वासी शाहदरा दिल्ली व सुनील मलिक उर्फ सोनू पुत्र रतन सिंह वासी गांव डूंगर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेशह को विश्वसनीय सूचना पर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में 31 मई को तीन आरोपियों सुनील कुमार वासी द्वारका सेक्टर-18 दिल्ली, हरिओम उर्फ राजू उर्फ विक्की उर्फ राजेश वासी नंदग्राम जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश व रिशु गलहोत्रा वासी ओम विहार उत्तर नगर नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया था। पूर्व गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाईकिल बरामद की गई थी। इसके अलावा अब गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक कट्टा, एक चाकू व बाईक की फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की गई है। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि आरोपियों ने मिलकर 18 मई को शिकायतकर्ता किरन देवी वासी सैक्टर-16 करनाल के गले से पुलिस सेक्टर-4 के एरिया में से उसकी सोने की चेन छीनने की वारदात व उसी दिन शाम के समय शिकायतकर्ता बृजमोहन सिंगला पुत्र अमरनाथ सिंगला वासी सेक्टर-7 करनाल के घर के आगे से उसके ऊपर चाकू से हमला करके उससे करीब सात हजार रुपए की नगदी छीनने की वारदात को अंजाम दिया गया था।

## बेवजह पेड़ पौधों की की जा रही है हत्याएं - जयहिन्द

**चंडीगढ़:** बीते शनिवार नवीन जयहिन्द दादा झुपडा मन्दिर समिति की ओर से गांव मोखरा में आयोजित विशाल भण्डारे में पहुंचे। दादा झुपडा का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद नवीन वापिस रोहतक आ रहे थे तो उन्होंने देखा कि गांव बहु अकबरपुर के बाई पास पर बुलडोजर द्वारा साफ-सुथरे पेड़-पौधों को उखाड़ा जा रहा था। जयहिन्द ने बुलडोजर चालक से पूछा लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद जयहिन्द ने भ्रष्टाचार की आशंका लगने पर रोहतक डीसी को फोन मिलाया।

## पिस्तौल के बल पर स्नैचिंग करने वाले दो आरोपी काबू





**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए वन की टीम द्वारा पिस्तौल के बल पर स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों मनीष उर्फ सन्नी पुत्र नगेंद्र वासी पाबली खुर्द जिला मेरठ उत्तर प्रदेश व मोहित उर्फ अतुल पुत्र अमित कुमार वासी चंदौली जिला मेरठ उत्तर प्रदेश को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी फिलहाल तिहाड़ जेल दिल्ली में सजा काट रहे थे। इस मामले में अभी तीसरे आरोपी संदीप उर्फ बासी निवासी नरेला दिल्ली की गिरफ्तारी बकाया है। आरोपी संदीप भी इस समय तिहाड़ जेल दिल्ली में सजा काट रहा है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपियों ने छोटी उम्र में ही अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। आरोपियों के खिलाफ करीब 35-35 मामले हत्या, लूट, डकैती, स्नैचिंग, चोरी व अन्य गंभीर अपराधों के तहत दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और फिलहाल तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार वासी गांव बुढेड़ा थाना निगदू ने पुलिस थाना बुटाना में शिकायत देते हुए बताया कि 1 मई 2022 को शाम के समय वह अपनी मोटरसाइकल स्प्लेंडर पर सवार होकर पीपली से सग्गा ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह शाम के समय करीब साढ़े सात बजे गांव मटक माजरा नहर पुल के पास पहुंचा तो एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लडके आए और उसके सीने पर रिवाल्वर रखकर उससे उसकी मोटरसाइकिल, उसका मोबाइल फोन व दो सौ रुपए की नकदी छीन कर मौका से फरार हो गए। इस दौरान आरोपी अपनी मोटरसाइकिल को मौका पर ही छोड़ गए थे। इस संबंध में तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना बुटाना में भादंसं की धारा 379, 341 व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस वारदात में छीनी गई मोटरसाइकिल को आरोपी दूसरी जगह पर छोड़कर फरार हो गए थे, जिसको पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया था। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने वारदात में छीने गए मोबाइल फोन को कहीं फेंक दिया था। दोनों आरोपियों को मामले में शामिल जांच करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चाकू की नोंक पर महिला से पर्स छीनने वाले दोनों आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए वन की टीम ने चाकू के बल पर एक महिला से उसका पर्स छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों सौरभ उर्फ अंकित पुत्र जसवीर वासी विकास नगर करनाल व आकाश उर्फ काकू पुत्र बलबीर सिंह वासी टिकड़ा कॉलोनी थाना सेक्टर 32-33 जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर मंगलोरा के एरिया से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में छीना गया लेडीज पर्स, एक मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकल व एक चाकू बरामद किया गया।
पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपी नशा करने व अय्याशी करने के लिए स्नैचिंग व चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी आकाश के खिलाफ पहले भी 6 मामले चोरी व स्नैचिंग



करने के व आरोपी सौरभ के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहे थे।
इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता वीना वासी शिव कॉलोनी करनाल ने पुलिस चौकी सेक्टर-6 में एक शिकायत देते हुए बताया था कि वह 1 जून को अपनी पोती की पीटीएम में अपने लडके के साथ टैगोर स्कूल में आई थी। जब वह पीटीएम खत्म करके गाड़ी में बैठने के लिए जा रही थी तो उसी समय एक बाइक पर सवार दो अज्ञात लडके आए और उसे चाकू दिखाकर उससे उसका पर्स छीनकर मौका से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पर्स नगदी व एक मोबाइल फोन था। इस संबंध में महिला के बयान पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में भादंसं की धारा 379बी के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## ट्रक में डोडा पोस्त की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा एसी के भरे कैंटर में बड़े स्तर पर डोडा पोस्त की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में डोडा पोस्त भी बरामद किया गया है।
पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर असंध बाईपास कैथल रोड कन्हैया चौक पर नाकाबंदी के दौरान एक कैंटर कैंटर नंबर एचआर 38वाई 0962 को रूकवाकर जब उसके चालक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम नानक सिंह पुत्र मलकीत सिंह वासी गांव मुंडवाल थाना असंध जिला करनाल व उसके साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हरविंदर सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी गांव मुंडवाल थाना असंध जिला करनाल बताया। गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी में एसी की पैकिंग लोड मिली। गाड़ी में एसी की पैकिंग को उतारकर गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी के अंदर एसी के गत्तों के बीच में चार कट्टों में डोडा पोस्त बरामद हुआ, जिसका वजन करने पर 67 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। टीम द्वारा आरोपी के कैंटर व कैंटर में लदे हुए एसी के 420 कार्टूनों को कब्जा पुलिस में लिया गया।

## लूट की वारदात के मामले में फरार दूसरा आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना घरौंडा की टीम द्वारा वर्ष 2020 एक ढाबे से लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार दूसरे आरोपी राजेश उर्फ रिंकी पुत्र जयपाल वासी पर परडाना हाल सिद्धार्थनगर पानीपत को विश्वसनीय सूचना पर पानीपत से गिरफ्तार किया गया।
इस मामले में पहले वर्ष 2020 में ही एक आरोपी विकास उर्फ विक्का पुत्र सुमेर सिंह वासी गांव बांध थाना इसराना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी विकास के कब्जे से सात हजार रुपए की नगदी व एक सोने की चेन बरामद की गई थी। इसके अलावा इस मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपी नशा करने अय्याशी करने व अपने शौक पूरा



करने के लिए लूट, हत्या व मारपीट जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम देते हैं। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि पूर्व में गिरफ्तार आरोपी विकास के खिलाफ पानीपत, सोनीपत व करनाल के विभिन्न थानों में करीब 13 मामले लूट, हत्या का प्रयास, हत्या, शस्त्र अधिनियम, मारपीट व एनडीपीएस एक्ट के तहत व आरोपी राजेश के खिलाफ तीन मामले लूट, मारपीट व दहेज मांगने के दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी राजेश इस मामले में पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत लेने के लिए याचिका दायर जा चुका था,
लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी आरोपी की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज किया जा चुका है।
इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता धर्मपाल पुत्र धज्जाराम वासी धर्म ढाबा जीटी रोड कोहंड जिला करनाल ने वर्ष 2020 में थाना घरौंडा में एक शिकायत देते हुए बताया था कि जीटी रोड कोहंड पर उसका धर्म नाम से ढ्व्बा है। 14 अगस्त 2020 को उसके ढाबे पर एक काले रंग की गाड़ी में से चार हथियारबंद व्यक्ति उसके ढाबे में आए और उनके साथ मारपीट करके हथियारों का डर दिखाकर गल्ले में से साठ हजार रुपए की नगदी व उनके गले में से दो सोने की चैन लूट कर ले गए और जाते हुए पुलिस को शिकायत देने पर जान से मारने की धमकी देकर भी गए। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में मुकदमा 15 अगस्त 2020 को भादंसं की धारा 285, 393, 506, 34 व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

## संपादकीय

# श्रेष्ठ राजव्यवस्था और आनंददायी समाज

**दुनिया** के सभी समाज सुख और आनंद के इच्छुक रहते हैं। सुख और दुख बारी बारी से आते जाते हैं। मनुष्य समाज का अंग है। लेकिन अनेक अवसरों पर मनुष्य और समाज के बीच अंतर्विरोध भी दिखाई पड़ते हैं। मनुष्य प्रकृति का भी अंग है। लेकिन मनुष्य और प्रकृति के बीच अंतर्विरोध भी होते हैं। यह मनुष्य को दुखी करते हैं। समाज शांतिपूर्ण ढंग से रहने के लिए राजव्यवस्था विकसित करते हैं। महाभारत में राजा को काल का कारण बताया गया है। राजव्यवस्था समाज को सुखी बनाने के प्रयत्न करती है। राजा या राजव्यवस्था महत्वपूर्ण है। राजव्यवस्थाएं आनंदमगन समाज के लिए मार्ग प्रशस्त करती हैं। मनुष्य की अनेक मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं। अनेक अभिलाषाएं होती हैं। ऋग्वेद (9.113.10 व 11) में प्रार्थना है, 'जहां सारी कामनाएं पूरी होती हैं। जहां सुखदाई तृप्तिदायक अन्न हों। हे देव हमें वहां स्थायित्व दें।' अन्न और कामनाओं की पूर्ति पर्याप्त नहीं है। इसलिए आगे कहते हैं, 'जहां आनंद मोद, मुद और प्रमोद हैं - यत्र आनंदश्च मोदाश्च्स मुद प्रमोद आसते।' इस मंत्र में आनंद मुद मोद और प्रमोद एक साथ आए हैं। इसी के आगे सुंदर राजव्यवस्था की इच्छा है। आदर्श राजव्यवस्था के अभाव में राष्ट्र सुखी नहीं होते। श्रेष्ठ राजव्यवस्था आनंददायी होती है। इसी प्रार्थना में आदर्श राजव्यवस्था का उल्लेख करते हैं, 'जहां विवस्वान (सूर्य) का पुत्र राजा है, जहां आनंद का द्वार है, आप वहां स्थायित्व दें।' यहां एक आदर्श राजव्यवस्था की प्रार्थना की गई है। राजा या राजव्यवस्था समाज को आनंदपूर्वक रहने के अवसर उपलब्ध कराती है। भारतीय परंपरा में राजा शासक नहीं सेवक है। प्रजा पुत्र है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिम्मेदार राजप्रमुख हैं। वे स्वयं को प्रधानसेवक कहते हैं। बीते माह उनके कार्यकाल के नौ साल पूरे हुए हैं। इस अवधि की अनेक उपलब्धियां हैं। नौ साल विकास और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का उल्लेखनीय कालखंड रहा है। इस अवधि में देश ने अनेक आश्चर्यजनक उपलब्धियां पाई हैं। सारी दुनिया को हिला देने वाली कोरोना महामारी ने यहां अनेक चुनौतियां पेश की थीं। तमाम देशों में कोरोना के कारण मौत का तांडव था। मोदी जी ने लॉकडाउन का साहसिक निर्णय लिया। कोरोना से लड़ने में सरकार ने पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा पाई। भारत ने दुनिया के अनेक देशों में वैक्सीन भेजी। देश के भीतर कोरोना से लड़ने की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की। तमाम सर्वेक्षणों में मोदी जी शक्तिशाली ग्लोबल लीडर बताए गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद बहुत लम्बे अरसे से भारत पर आक्रामक रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस आतंकवाद से निर्णायक युद्ध हुआ। मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवादियों के ठिकानों पर लक्षित हमला (सर्जिकल स्ट्राइक) हुआ। पूरे देश ने मोदी जी के इस निर्णय की प्रशंसा की। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने का निर्णय आसान नहीं था। यद्यपि संविधान निमार्ताओं ने अनुच्छेद 370 के शीर्षक में ही लिख दिया था, -जम्मू कश्मीर के विषय में अस्थाई उपबंध।' संविधान निमार्ता अपनी तरफ से इसे अस्थाई लिख चुके थे। लेकिन संविधान निर्माण (1949) से लेकर 2019 तक यह स्थाई अनुच्छेद बना रहा।

# पृथ्वी का गला घोटता प्लास्टिक प्रदूषण

**सुनील कुमार महला**

> "ग्लोबल अपैरल फाइबर कंजम्पशन के शोध अनुसार, एक वर्ष में दुनिया भर में खपत होने वाले 100,000 किलोग्राम फाइबर में से 70% सिंथेटिक हैं। प्लास्टिक जल्द नष्ट नहीं होता :- अब तक उत्पादित प्लास्टिक का हर टुकड़ा आज भी पर्यावरण में मौजूद है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ऑस्ट्रेलिया (विश्व वन्यजीव कोष) के अनुसार, प्लास्टिक के उत्पादों को पूर्णत नष्ट होने में लंबा समय लगता है, यह उनके गुणवत्ता पर निर्भर होता है जैसे - प्लास्टिक बैग को नष्ट होने में 20 साल, कॉफी कप 30 साल, प्लास्टिक स्ट्रॉ 200 साल, प्लास्टिक की बोतलें 450 वर्ष, प्लास्टिक के कप 450 साल, डिस्पोजेबल डायपर - 500 साल और प्लास्टिक टूथब्रश को नष्ट होने में साधारणत 500 साल का कालावधी लगता है। अमेरिकी प्रतिदिन 50 करोड़ से अधिक प्लास्टिक स्ट्रॉ का उपयोग करते हैं"

**पर्यावरण** पृथ्वी पर जीवन का आधार है। सभी सजीव और निर्जीव तत्वों से मिलकर पर्यावरण बना हैं। पशुपक्षी, पेड़, जंगल, समुद्र, पहाड़, हवा, खनिज इत्यादि यह सभी पर्यावरण का हिस्सा है। पर्यावरण को जीवन के अनुकूल बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, परन्तु पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान मनुष्य ही पहुँचाता है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 5 जून को "विश्व पर्यावरण दिवस" एक नई थीम के साथ दुनियाभर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर केंद्रित है। प्लास्टिक प्रदूषण दुनियाभर में बहुत बड़ी समस्या बनकर उभरा है। हर साल तकरीबन 40 करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, उसमें से आधे का केवल एक बार उपयोग किया जाता है। आज हम माइक्रोप्लास्टिक खा रहे, पी रहे और ऑक्सीजन में भी प्लास्टिक मिश्रित दूषित हवा ले रहे है, जिसके कारण हर 30 सेकंड में एक मौत हो रही है। जलवायु परिवर्तन में प्लास्टिक प्रदूषण का बहुत बड़ा योगदान है। प्रदूषण के कारण पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग, बीमारियां, प्राकृतिक आपदा जैसी समस्या बढ़ी है, परिणामत मानव जीवन के लिए खतरा निर्माण हो गया है। प्लास्टिक जानवरों को मारता है, मिट्टी को प्रदूषित करता, प्लास्टिक की थैलियां नालियों को बंद कर देती हैं। प्लास्टिक प्रदूषण से बांझपन, मोटापा, मधुमेह, प्रोस्टेट या स्तन कैंसर, थायरॉयड की समस्याएं, हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। टियरफंड के नए शोध के अनुसार, प्लास्टिक की समस्या से दुनिया भर के विकासशील देशों में हर साल 400,000 से दस लाख लोग मर रहे है। प्लास्टिक प्रदूषण से समुद्री जीवन तबाह :- पृथ्वी के 71% भाग में पानी है और कुल पानी का 97% पानी समुद्र में है, मानव गतिविधियों के परिणामस्वरूप समुद्री प्रदूषण पर्यावरण के लिए घातक हैं। हर मिनट दो बड़े भरे हुए ट्रक जितना प्लास्टिक कचरा महासागरों में फेंका जाता हैं। यूनोमिया 2016 अनुसार, हर साल 12 मिलियन टन प्लास्टिक समुद्र में फेंक दिया जाता है और हर साल महासागरों में बहने वाले प्लास्टिक कचरे की मात्रा साल 2040 तक 29 मिलियन मीट्रिक टन होने की संभावना है। विभिन्न रूपों में



माइक्रोप्लास्टिक दुनिया की लगभग सभी जल प्रणालियों में मौजूद हैं। मारियाना ट्रेंच स्थान में 36,000 फीट गहराई पर भी प्लास्टिक पाया गया है। आईयूसीएन 2020 अनुसार, समुद्री मलबे का 80% सिर्फ प्लास्टिक कचरा है। महासागरों में 2025 तक मछली के मुकाबले एक तिहाई प्लास्टिक मिलेगा और 2050 तक महासागरों में मछलियों से ज्यादा प्लास्टिक होगा। संयुक्त राष्ट्र अनुसार, प्लास्टिक हर साल अनुमानित 10 लाख समुद्री पक्षियों और 1 लाख समुद्री जीवों को मारता है और वैज्ञानिकों का मानना है कि यही दर रही, तो दुनिया की 99% समुद्री पक्षी प्रजातियां 2050 तक प्लास्टिक खा रही होंगी। प्लास्टिक से कोरल रीफ पर बीमारी की संभावना 22 गुना बढ़ जाती है। समुद्री जीवों में प्लास्टिक विषाक्तता खाद्य श्रृंखला को खत्म कर रही हैं, जिसमें विनाशकारी स्वास्थ्य प्रभावों की संभावना है। प्लास्टिक खा रहे, पी रहे और प्लास्टिक की हवा में सांस ले रहे :- पकड़ी जाने वाली हर तीन में से एक मछली में अब प्लास्टिक होता है। खाद्य श्रृंखला के आधार पर कई जानवर माइक्रोप्लास्टिक्स खाते हैं, फिर उनको दूसरे जीव खाते है, मनुष्य भी उन जीवों को खाते हैं। वैज्ञानिकों ने 114 समुद्री प्रजातियों में माइक्रोप्लास्टिक पाया है, और इनमें से लगभग एक तिहाई प्रजाति मनुष्य के खाद्य के रूप में जानी जाती हैं। कृषि मिट्टी के भीतर भी प्लास्टिक टूटकर माइक्रोप्लास्टिक्स के रूप में दबा रहता है। लैंडफि ल में गहरे दबे प्लास्टिक कचरे से हानिकारक रसायन निकल सकते हैं जो भूजल में फैल सकते हैं। हमारे लैंडफिल में 20 लाख टन से अधिक पानी की बोतलों का ढेर लगा हुआ है। प्लास्टिक अनजाने तरीके से हमारी थाली में पहुंचता है, निष्कर्ष से पता चला है कि हम हर साल हजारों प्लास्टिक कणों को निगलते हैं। प्लास्टिक में उपलब्ध खाद्य पदार्थ, डिब्बाबंद खाद्य सामग्री से भी प्लास्टिक हमारे शरीर में प्रवेश कर सकता है। हम बोतलबंद पानी के माध्यम से माइक्रोप्लास्टिक पीते हैं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2018 में चौंकाने वाला शोध प्रकाशित किया था, जिसमें 90% बोतलबंद पानी में माइक्रोप्लास्टिक्स की उपस्थिति का पता चला था, परीक्षण में 259 में से केवल 17 बोतलबंद पानी प्लास्टिक से मुक्त थे। खराब अपशिष्ट प्रबंधन के कारण खुली हवा में कचरा जलाने से दूषित वायु में लोग सांस लेते है। मार्च 2018 में प्रकाशित एक रिपोर्ट से पता चलता है कि विश्व स्तर पर 5 अरब लोग कचरा संग्रहण या योग्य अपशिष्ट निपटान के बिना रहते हैं, परिणामस्वरूप प्रत्येक वर्ष लगभग 90 लाख लोग मारे जाते हैं। 1 टन प्लास्टिक के उत्पादन से 2.5 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होती है। हम कपड़ों के माध्यम से भी प्लास्टिक को अवशोषित करते हैं, ग्लोबल अपैरल फाइबर कंजम्पशन के शोध अनुसार, एक वर्ष में दुनिया भर में खपत होने वाले 100,000 किलोग्राम फाइबर में से 70% सिंथेटिक हैं। प्लास्टिक जल्द नष्ट नहीं होता :- अब तक उत्पादित प्लास्टिक का हर टुकड़ा आज भी पर्यावरण में मौजूद है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ऑस्ट्रेलिया (विश्व वन्यजीव कोष) के अनुसार, प्लास्टिक के उत्पादों को पूर्णत नष्ट होने में लंबा समय लगता है, यह उनके गुणवत्ता पर निर्भर होता है जैसे - प्लास्टिक बैग को नष्ट होने में 20 साल, कॉफी कप 30 साल, प्लास्टिक स्ट्रॉ 200 साल, प्लास्टिक की बोतलें 450 वर्ष, प्लास्टिक के कप 450 साल, डिस्पोजेबल डायपर - 500 साल और प्लास्टिक टूथब्रश को नष्ट होने में साधारणत 500 साल का कालावधी लगता है। अमेरिकी प्रतिदिन 50 करोड़ से अधिक प्लास्टिक स्ट्रॉ का उपयोग करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 1950 के दशक से अब तक 8.3 अरब टन प्लास्टिक का निर्माण किया जा चुका है। दुनिया भर में हर मिनट 10 लाख सिंगल-यूज प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती हैं और सालाना 1200 अरब से अधिक प्लास्टिक की बोतलें बेची जाती हैं। पॉलीस्टाइनिन 10 लाख से अधिक वर्षों तक पर्यावरण में बना रह सकता है। भारत में प्लास्टिक अपशिष्ट पर तथ्य :- द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट 2018 अनुसार, देश में कुल प्लास्टिक कचरे का केवल 60% पुनर्नवीनीकरण किया जा रहा है। भारत में लगभग 43% निर्मित प्लास्टिक का उपयोग पैकेजिंग उद्देश्य के लिए किया जाता है और प्लास्टिक की प्रति व्यक्ति औसत खपत लगभग 11 किग्रा है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, कुल ठोस कचरे में प्लास्टिक का योगदान 8% है, सर्वाधिक प्लास्टिक का उत्पादन में दिल्ली, इसके बाद कोलकाता और अहमदाबाद का स्थान है। समुद्री तटों से प्लास्टिक कचरे से बरामद भारी मात्रा में जहरीली भारी धातु जैसे तांबा, जस्ता, सीसा और कैडमियम का तटीय पारिस्थितिक तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक मुक्त वातावरण के लिए योग्य पहल :- प्रत्येक टन प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण से लगभग 3.8 बैरल पेट्रोलियम की बचत होती है। देश के चेन्नई में जंबुलिंगम स्ट्रीट 2002 में बनी भारत की पहली प्लास्टिक सड़कों में से एक थी। 2015-16 में, राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी ने लगभग 7,500 किलोमीटर सड़कें प्लास्टिक कचरे का उपयोग करके बनाईं। सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अगस्त 2019 से शुरू होने वाली अपनी सभी रियायतों में प्लास्टिक की पानी की बोतलों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## कविता

### कैसी यह दुनिया है

कितनी अजीब बात है

इस जीवन की क्रिया को
क्यों समझता नहीं समाज है

इन दिनों में भी
नारी की कोई मदद ना करता है

पलके नम होने पर भी
उसे मुस्कुरा कर रहना पड़ता है

बेवजह दोषी कहा गया उसे
यह तो प्रकृति का खेल था

सुर्ख रंग फैला कर ये तो
योवांवस्था का ग्रह प्रवेश था

दिन तीनों गवाह है मासूमियत के
क्यों तुम झूठे नियम बनाते हो

निष्कर्ष है यह तो नारी का
क्यों तुम महिला शसक्ती करण लगते हो

सब जानते हुए भी
उस सब चुपचाप सहना पड़ता है

प्रीति शर्मा

# बोझ नहीं, हमारा गर्व हैं बेटियां

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**23** मई 2023 को देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिणामों की घोषणा हुई। इस बार एक बार फिर बेटियों ने यूपीएससी की परीक्षा में बाजी मारी है। टॉप-10 में से 6 स्थानों पर लड़कियां हैं। इस खबर से पूरे देश में खुशी का माहौल छा गया। हर ओर बेटियों की प्रतिभा, लगन और मेहनत के किस्से सुनाये जाने लगे। यूपीएससी ही नहीं, पिछले कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी दसवीं, बारहवी की बोर्ड परीक्षाओं और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के नतीजों में भी बेटियों ने प्रथम पंक्ति में अपना नाम दर्ज करवाया है। बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

यूपीएससी के नतीजों की घोषणा के ठीक पांच दिन बाद यानी 28 मई को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में एक प्यारी सी बच्ची का जन्म हुआ। लेकिन वो बच्ची उतनी खुशनसीब नहीं थी कि वो अच्छे से पढ़-लिखकर किसी प्रतिष्ठित परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करती और अपने घर-परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन कर पाती। दरसअल, अब वो प्यारी सी बच्ची इस दुनिया में नहीं है। उस प्यारी सी बच्ची को उसके पिता ने ही मार डाला।

मामला उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के पूरनपुर थाना क्षेत्र का है। जहां एक पिता ने तीसरी बार बेटी पैदा होने पर उसकी निर्मम हत्या कर दी। खानका मोहल्ले की रहने वाली शब्बो की शादी 8 साल पहले सिरसा गांव के रहने वाले फरहान के साथ हुई थी। शादी के बाद शब्बो ने दो बेटियों को जन्म दिया। इसके बाद वह फिर से गर्भवती हुई। प्रसव पीड़ा होने पर मायके वाले शब्बो को ससुराल से लेकर एक नर्सिंग होम पहुंचे। यहां 28 मई को उसकी डिलीवरी हुई। उसने एक प्यारी-सी बच्ची को जन्म दिया। अगले दिन देर शाम फरहान अपनी पत्नी और बच्चे को देखने वहां पहुंचा। फरहान ने बच्ची को गोद में लेते हुए जैसे ही देखा कि वह बेटी है, उसे जमीन पर पटक दिया। जिससे बच्ची की मौत हो गई। असल में फरहान दो बेटियों के बाद बेटा चाहता था, लेकिन बेटी होने पर उसने ऐसा कदम उठा लिया। 31 मई 2023 को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के हिंडन विहार कालोनी में रहने वाली तबस्सुम ने थाना नंद ग्राम में अपनी ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि बेटी होने पर विवाहिता के घर वालों से 10 लाख रुपये की मांग की गई। जब वह मांग पूरी नहीं हुई तो उसे तीन तलाक बोलकर घर से निकाल दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के सूरजपुर जिले में पोते की चाह में दादी ने अपनी 15 दिन की नवजात पोती को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस जांच में आरोपी दादी मिताली विश्वास ने बताया कि वो पोता चाहती थी, जबकि बहू को पोती हुई, जिससे वो काफी नाराज थी। 1 अप्रैल 2023 को जब घर के सभी लोग दोपहर में सो रहे थे, तो उसने मां के पास सो रही बच्ची को चुपचाप उठा लिया। इसके बाद बाड़ी में स्थित कुएं में बच्ची को फेंक दिया। जिससे नवजात की मौत हो गई।

## विचार

# भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए राजद्रोह

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर जिस तेजी के साथ भारत अपने विजन 2047 की ओर बढ़ रहा है, हमें बाबा आदम के जमाने के भारतीय कानूनों को बदलने या संशोधित करने की जरूरत है ताकि अनेक महत्वपूर्ण और गंभीर कानूनों की आड़ में पहली बात किसी के हितों को दबाया ना जा सके या किसी कमजोर कानूनों उनकी धाराओं की आड़ में किन्हीं पर अत्याचार ना हो या किसी की प्रतिभा को अपनी उन्नति की बाधा की आड़ में कानूनों की धाराओं का दुरुपयोग नहीं किया जा सके। दूसरी बात सभी कानून की धाराओं को भारतीय संविधान के संज्ञान में भी लेने की जरूरत है, अन्यथा इसकी जरूरतों को महसूस करते हुए न्यायपालिका पर पिटिशंस का बोझ बढ़ता ही चला जा रहा है। इस मामले में अगर हम आईपीसी की धारा 124 ए देशद्रोह धारा का संज्ञान ले तो सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ अभी 10 याचिकाएं दाखिल है, जिसमें 11 मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने 124 ए पर फिलहाल रोक रोक लगाते हुए आगे सुनवाई करने की बात की है। सरकार ने भी इस धारा पर पुनर्विचार की बात कोर्ट में कही थी और मामला 22 वें विधि आयोग हो भेजा था। चूंकि दिनांक 2 जून 2023 को विधि आयोग की रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपी गई है जिसमें इस धारा को बरकरार रखने की सिफारिश की है। इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इंडियन पेनल कोड की धारा 124 ए देशद्रोह। साथियों बात अगर हम विधि आयोग द्वारा दिनांक 2 जून 2023 को विधि मंत्रालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट की करें तो, राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा-124ए को बरकरार रखने की जरूरत है, हालांकि इसके इस्तेमाल के बारे में अधिक स्पष्टता के लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं। 152 साल पुराने देशद्रोह कानून को हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं। आयोग ने कहा है कि धारा-124ए के दुरुपयोग को रोकने के लिए वह केंद्र सरकार द्वारा माडल गाइडलाइंस को जारी करने की सिफारिश करता है। उन्होंने रिपोर्ट में कहा है, इस संदर्भ में यह भी सुझाव दिया जाता है कि सीआरपीसी, 1973 की धारा-196(3) के अनुरूप सीआरपीसी की धारा-154 में एक प्रविधान जोड़ा जा सकता है, जो आइपीसी की धारा-142ए के तहत अपराध के संबंध में एफआईआर दर्ज करने से पहले आवश्यक प्रक्रियागत सुरक्षा उपलब्ध कराएगा। आयोग का यह भी कहना है कि किसी प्रविधान के दुरुपयोग का कोई भी आरोप उस प्रविधान को वापस लेने का आधार नहीं हो सकता। साथ ही औपनिवेशिक विरासत होना भी इसे वापस लेने का वैध आधार नहीं है। रिपोर्ट में आयोग का कहना है कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून अपराध के उन सभी तत्वों को कवर नहीं करते, जिनका वर्णन आईपीसी की धारा-124ए में किया गया है। विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में प्रारंभिक जांच अनिवार्य होने, प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों और सजा में संशोधन समेत प्रावधान में संशोधन के संबंध में कुछ सिफारिशें भी की हैं। अनुच्छेद 19(2) के तहत राजद्रोह को उचित प्रतिबंध (रीजनेबल रिस्ट्रिक्शंस) बताते हुए विधि आयोग ने इशारा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने धारा 124ए की संवैधानिकता पर विचार करते हुए यह व्यवस्था दी है कि जिस प्रतिबंध को लागू करने की इसमें मांग की गई थी वह एक रीजनेबल रिस्ट्रिक्शन हैं, लिहाजा यह कानून संवैधानिक है। इसमें कहा गया है, यूएपीए और एनएसए जैसे कानून खास हैं जो राज्य के प्रति होने वाले अपराधों को रोकना की कोशिश हैं। राजद्रोह कानून, कानून द्वारा, लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकार के हिंसक, अवैध व असंवैधानिक तख्तापलट को रोकना चाहता है। आयोग ने यह भी कहा है कि सिर्फ इसलिए कि यह कानून औपनिवेशिक काल का है, इसे खत्म करने का वाजिब आधार नहीं है।इसमें कहा गया है, अगर राजद्रोह को औपनिवेशिक युग का कानून माना जाए तो इसके आधार पर फिर तो भारतीय कानूनी प्रणाली का पूरा ढांचा ही औपनिवेशिक विरासत का है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सब जीते तो हारा कौन ?

**अनुज अग्रवाल**

**भाजपा** के असंख्य आरोपों, कोशिशों, जाँच एजेंसियों के छापे और चुनावी माहौल के भगवाकरण करने के बाद भी देश से निपटती व सिमटती जा रही कांग्रेस पार्टी ने बड़े आराम से प्रभावशाली बहुमत के साथ हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में न केवल जीत प्राप्त की वरन् सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच चल रहे शक्ति संघर्ष को भी निबटाकर अपनी सरकार का गठन भी कर लिया। गांधी परिवार तो इस जीत पर फूला न समा रहा और लोकसभा का दावा ठोंक रहा है। तो उधर बीजेपी के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विपक्ष की अनगिनत आलोचनाओ, आरोपों, व्यवधानों कानूनी रुकावट व बहिष्कार के उपरांत भी संसद के नए दिव्य, भव्य व भारतीयता से ओतप्रोत भवन को समय से न केवल पूरा करवाया वरन् उसका उद्घाटन भी कर दिया। अपने नौ साल के कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूरा करने का रिकॉर्ड बनाने के साथ ही मोदी जी वि भाजपा ने उन हजारो कामों को गिनाया जो पिछले नौ साल में उन्होंने पूरे किए व उनको कांग्रेस के पचास सालों के शासन में हुए कामों से कहीं ज्यादा बताया। टीम मोदी को भरोसा है कि राज्यों में समीकरण कुछ भी रहे हों मगर केंद्र में तो मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए व भाजपा की ही सरकार बनेगी क्योंकि मोदी जिनके व्यक्तित्व व उनकी सरकार के कामों के कारण जो समर्थक व लाभार्थी वर्ग पैदा हुआ है वे सब संघ परिवार के परंपरागत समर्थकों के साथ मिलकर उनकी सरकार आसानी से बनवा ही देंगे। वैसे भी अभी मोदी जी के तरकश में कितने तीर हैं यह कोई नहीं जानता। जब वे चलेंगे तो विपक्ष का गणित बिगाड़ना तय है।

जीत जाने का श्रेय उच्चतम न्यायालय भी कर रहा है जिसने समलैंगिकता, दिल्ली सरकार व एलजी की अधिकारों के बंटवारे की लड़ाई में मोदी सरकार को बैकफुट पर ला दिया और अंततः मोदी जी को अपने कानून मंत्री किरण रिजिजू जो कि कॉलेजियम के मुद्दे पर लगातार न्यायपालिका के खिलाफ मुखर हो रहे थे को हटाकर इस उम्मीद में दूसरे मंत्रालय में भेज दिया कि अब न्यायपालिका उनकी सरकार की नीतियों व दर्शन के इतर जाकर संविधान की व्याख्या नहीं करेगी।

# गर्मियों में त्वचा के लिए बेहतरीन है दही

**शहनाज हुसैन**

**दही** सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है/ अमूमन दही कुछ लोगों की डाइट का अहम हिस्सा होता है /पौषक तत्वों से भरपूर दही त्वचा की सेहत और चमक के लिए भी काफी फायदेमंद होता है/ तेज धूप और गर्मी का असर स्वास्थ्य के साथ.साथ खूबसूरती पर भी पड़ता है/ गर्मी में स्किन काली होने लगती है और चेहरे की रौनक भी गायब हो जाती है/ धूप में बाल रुखे और बेजान हो जाते हैं/ ऐसे में आपको अपनी खूबसूरती को बनाए रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए/ गर्मी में आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय करते रहना चाहिए, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहे/ अगर आप धूप में बाहर निकलती हैं तो स्किन को टैन होने से बचाने के लिए दही का उपयोग जरूर करें

**दही और टमाटर**------- गर्मियों में तेज धूप के कारण स्किन पर टैनिंग हो जाती है/ इस टैनिंग को दूर करने के लिए आप चेहरे पर दही और टमाटर से बना फेसपैक लगा सकते हैं/ इससे आपकी रंगत में निखार आएगा और चेहरा ग्लो करेगा/ / टमाटर से स्किन को विटामिन ए, के और बी मिलता है/ इसका इस्तेमाल त्वचा से टैनिंग दूर करता है, तैलीय त्वचा में फायदेमन्द होता है / यह तेज किरणों से झुलसी त्वचा के साथ.साथ कील मुहांसों को दूर करने में भी असरदार है/ टमाटर का इस्तेमाल त्वचा से झुर्रियां कम करने के लिए और त्वचा को जवां बनाए रखने के लिए भी किया जाता है/ वहीं, दही त्वचा को नमी देता है और टमाटर के साथ मिलाकर लगाने पर त्वचा की मृत कोशिकाओं का सफाया कर देता है जिससे स्किन एक्सफोलिएट भी होती है/ दही और टमाटर का फेस पैक बनाने के लिए एक टमाटर पीसकर उसमें 2 चम्मच दही को अच्छी तरह से मिला दें/ इस पेस्ट को पूरे चेहरे गर्दन और गले पर लगाएं और 10 से 15 मिनट तक सूखने के बाद ठंडे पानी से धो लें / 1 चम्मच दही में आधे टमाटर का रस और नींबू का रस मिलाकर फेस और गर्दन पर लगाएं/ फिर 10.15 मिनट तक सूखने के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लेंण चेहरे पर कुछ देर साबुन के इस्तेमाल से परहेज करें।

# राजनीतिक हितों की बली न चढ़ें रेसलर्स: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विरोध जता रहे पहलवानों को विपक्षी नेताओं की चुंगल से बाहर निकलने की नसीहत देते हुए कहा कि पहलवान हमारे नेशनल हीरो हैं और सारे देश की भावना इनके साथ है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने कहा कि "कहीं कोई महापंचायत हो, कहीं कोई अखाड़ा जमे। उनका यह कहना है कि खिलाड़ियों को अति शीघ्र इन विपक्षी लोगों की चुंगल से बाहर आना चाहिए। खिलाड़ी आंदोलन करें उसका उनको अधिकार है, लेकिन खिलाड़ी इनके राजनीतिक हितों की बली न चढ़े"। उन्होंने कहा कि "सरकार खिलाड़ियों की सुन भी रही है, इन्होंने समिति बनाने, एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी, वह करा दी गई है। यह हमारे नेशनल हीरो है लेकिन विपक्षी नेताओं के चुंगल में फंसकर थोड़ा सा मामला खराब हो गया है"। गौरतलब है कि पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष पर आरोप लगाए थे जिसको लेकर वह विरोध जता रहे हैं।

**मोहब्बत के बाजार में नफरत के सौदागर बने राहुल गांधी - मंत्री अनिल विज**
गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश में बयानबाजी करने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हेट इंडिया कैंपेन चल रहे हैं और वो मोहब्बत के बाजार में नफरत के सौदागर बन गए हैं। विज ने कहा कि राहुल गांधी को अभी यह नहीं पता कि हिंदुस्तान आजाद हो गया है और यहां की समस्याओं का समाधान करने के लिए चुनी गई सरकारें हल करती हैं। आज भी वह (राहुल गांधी) अपना दर्द सुनाने के लिए विदेशों में जाते हैं। आज हम आजाद हैं, हमारी समस्याओं का समाधान विदेशियों ने नहीं करना। राहुल गांधी विदेशों में प्रायोजित कार्यक्रम में जाकर हिंदुस्तान की छवि को खराब कर रहे हैं।
वहीं, राहुल गांधी द्वारा इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को पूरी तरह सेक्युलर बताने पर गृह मंत्री अनिल विज ने खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि राहुल गांधी तो देश का नया इतिहास लिखना चाहते हैं। जब एक ही नाम से पार्टी है तो उसी नाम के लिए उसने काम किया, आजादी से पहले भी आजादी के बाद भी। अब यह (राहुल गांधी) कुछ अंतरराष्ट्रीय मुस्लिम नेताओं के प्रभाव के कारण इस प्रकार की बातें कर रहे हैं।

**फ्यूज बल्ब कभी रोशनी नहीं कर सकते - अनिल विज**
कांग्रेस समेत अन्य विपक्ष के एकजुट होने पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि बहुत सारे फ्यूज बल्ब इकट्ठे करके कभी रोशनी नहीं की जा सकती, यह सभी फ्यूज बल्ब है, इनको लोग देख चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को नई दशा और दिशा दी है लोग उससे सहमत है। न केवल हमारे देश के लोग, बल्कि विश्व के बड़े-बड़े नेता भी नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हैं।

**अम्बाला लोकसभा सीट पर उपचुनाव पर मंत्री विज बोले, ह्लभाजपा कार्यकर्ता हमेशा फील्ड में, हमारी फौजें तैयार :** अम्बाला लोकसभा सीट पर उपचुनाव मामले में गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अगर चुनाव आयोग कोई फैसला करता है या चुनाव होने है तो भाजपा को कोई विशेष तैयारी नहीं करनी होती क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा फील्ड में रहते हैं और दूसरी पार्टियों की तरह बैरकों में नहीं चले जाते। चुनाव आने पर हमें नए संगठन की रचना नहीं करनी पड़ती जैसा कांग्रेस कर रही है। कांग्रेस कई सालों में अपना संगठन नहीं बना सकी, हमारा सब बना हुआ है और हम तैयार हैं।





### 8 चुनाव आने पर हमें नए संगठन की रचना नहीं करनी पड़ती जैसा कांग्रेस कर रही है: विज

## लोगों की समस्याओं को गृह मंत्री अनिल विज ने सुना

**अंबाला** स्थित अपने आवास पर आज गृह मंत्री अनिल विज ने विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। अम्बाला शहर से आई महिला ने कुछ लोगों द्वारा उसे धमकियां देने जाने के आरोप लगाए, इस पर मंत्री ने अम्बाला एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, कैथल से आई महिला ने ससुराल पक्ष द्वारा उसे तंग करने की शिकायत दी जिस पर गृह मंत्री ने एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा, अन्य कई मामले सामने आए जिनपर संबंधित अधिकारियों को मंत्री विज ने कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान गृह मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर उनके प्रशंसकों ने गीत और कविता भी सुनाई जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।


# अटल कैंसर केयर में महिला के शरीर से ढाई लीटर फैट निकाला



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
अंबाला छावनी के अटल कैंसर केयर अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला के शरीर से फैट निकालते हूए एक जटिल ऑपरेशन किया है। एम सी एच प्लास्टिक सर्जरी डॉ मयंक अग्रवाल ने बिना चीर फाड के दूरभीन की सहायता से यह ऑपरेशन किया है। उसके बाद महिला पूरी तरह से स्वास्थ्य है। महिला व उसके परिजनों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार द्वारा जनहित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिसका सीधा फायदा लोंगों को मिल रहा है। एम सी एच प्लास्टिक सर्जरी डॉ मयंक ने बताया कि यहां पर प्लास्टिक सर्जरी व सथैटिक सर्जरी से काम किया जा रहा है। लगभग 48 वर्षीय महिला विमला देवी के शरीर में भारी मात्रा में चर्बी थी। पिछले लगभग 10-12 वर्षों से इस रोग से पीड़ित थी।
कुछ दिन पहले वह अटल कैंसर केयर अस्पताल पहुंची यहां पर डॉक्टरों की टीम ने उनके कुछ टेस्ट करवाए और बिना चीर फाड के दूरबीन के ऑपरेशन किया और लगभग ढाई लीटर फैट महिला के शरीर से बाहर निकाला गया। महिला लाइप्रौडिस्टोफी से पीड़ित थी। महिला के शरीर से फैट को निकाला गया। अब महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। हरियाणा के नागरिक अस्पताल में किया गया इस तरह का यह पहला ऑपरेशन है जो कि पूरी तरह से निशुल्क किया गया। उन्होंने बताया कि लाईपोसक्शन के द्वारा ढाई लीटर फैट निकाला गया। एस एम ओ डॉक्टर यशपाल वर्मा ने बताया कि डॉक्टर मयंक की टीम द्वारा महिला का सफल ऑपरेशन किया गया और हरियाणा के किसी भी सरकारी अस्पताल में यह सेवा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अटल कैसर केयर अस्पताल में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### काम से लौट रहे युवक चाकूओं से हमला



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के महेश नगर क्षेत्र में रात्रि अज्ञात युवकों ने खौजरीपुर निवासी जसराज मिश्रा पर चाकूओं से हमला कर उसे घायल कर दिया। जसराज ने बताया कि मगलई फैक्टरी में काम करता है। रात्रि काम खत्म कर वापिस लौट रहा था जब वह इंण्डियन डॉलर के सामने पहुंचा तो वहां कुछ युवक पहले से ही मौजूद थे। युवकों ने उस पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

### हाईटेंशन तारों की चपेट मे आने से महिला झुलसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में जलबेड़ा निवासी सुदेश को झुलसी हुई अवस्था में भर्ती करवाया गया। महिला के परिजनों ने बताया कि महिला छत पर पतनाले का पाईप ठीक कर रही थी तभी हाईटेंशन तारों की चपेट में आ गई। महिला के चिल्लाने की आवाज सुन परिजन आ गए और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों का कहना था कि इस क्षेत्र में ऐसे कई हादसें हो चुके है तथा बिजली विभाग को जानकारी भी दी जा चुकी है। इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी निवासी अमरजीत कौर ने एस पी को शिकायत देते हुए कहा है कि महेशनगर निवासी कृष्ण ने उनके साथ अभर्द व्यवहार किया तथा अपने साथियों के साथ मिलकर इंटे बरसाई। महिला का कहना है कि गत रात्रि गली में कुछ लड़के खड़े हुए थे तभी कृष्ण कुमार व अन्य भी वहां आए और उन पर इंटे बरसानी शुरू कर दी। महिला का कहना है कि वह स्थानीय पुलिस में शिकायत कर चुकी है लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। महिला ने यह भी बताया कि वह न्याय के लिए पिछले कई दिनों से धक्के खा रही है।

### सुपरवाईजरों के पदों को भरने के लिए भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा

**पानीपत:** जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार विभाग द्वारा सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड कम्पनी के माध्यम से पानीपत जिला के समालखा व पानीपत खण्ड में सुरक्षाकर्मी व सुरक्षा सुपरवाईजरों के पदों को भरने के लिए भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 जून सोमवार को प्रात:10 बजे से सायं 4 बजे तक बीडीपीओ कार्यालय पानीपत में, 6 जून मंगलवार को प्रात:10 बजे से सायं 4 बजे तक बीडीपीओ कार्यालय समालखा में यह भर्ती शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता, न्यूनतम दंसवी पास और जिनकी उम्र 21 से 35 साल, लम्बाई 168 सेंटीमीटर और वजन 56 से 90 किलो तक हो अपने सम्बंधित दस्तावेजों सहित उक्त स्थल पर समय अनुसार पंहुचकर भर्ती शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## 6 जून को किसान करो या मरो आंदोलन करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
किसान एक बार फिर सरकार के खिलाफ संघर्ष की राह पर हैं। किसानों का कहना है कि सरकार किसानों की मांगें नही मान रही जिसके चलते उन्हें प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बीते कल अंबाला छावनी की अनाज मण्डी में किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया था जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि यदि सरकार उनकी मांगे नहीं मानती तो किसान बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे तो वहीं कुरुक्षेत्र के शाहाबाद उपमंडल में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी की अगुवाई में किसानों ने सूरजमुखी की खरीद एमएसपी पर किए जाने की मांग को लेकर महापंचायत की। गुरनाम सिंह चढूनी ने मीडिया के हवाले से बतायाए कि हम सरकार से बात करेंगेए जिसमें एग्रीकल्चर हेडए एजुकेशन मिनिस्टर समेत तमाम अधिकारी होंगेएजिनके सामने बातचीत की जाएगी। लेकिन अगर किसानों और सरकार की सहमति नहीं बनती हैए तो दोबारा से 6 जून को आंदोलन होगा। जिसके चलते पुलिस प्रशासन भी एलर्ट मोड पर है। उन्होंने आगे कहाए कि हमारी माँग एमएसपी को लेकर है। अगर सरकार मान जाती है तो आंदोलन नहीं होगा।

## पीएनबी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पंजाब नेशनल बैंक, जिला अगर्णी बैंक कार्यालय, अंबाला द्वारा डीआरडीए के कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में मार्च 2023 तिमाही की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एडीसी अंबाला डॉ विवेक भारती ने की। बैठक मे दूसरे बेंकों व विभिन सरकारी विभागों के प्रीतिनिधि सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त अंबाला एएसपी दीपक कुमार, आरबीआई से गरिमा जैन व नाबार्ड से दीपक जाखर भी मीटिंग में सम्मिलित हुए।
मीटिंग के दौरान एडीसी विवेक भारती ने सरकार द्वारा चलायी गयी विभिन्न स्कीमों में बैंकर्स की भागीदारी के बारे में विस्तार से चर्चा की। विवेक भारती ने बैंकर्स को विभिन्न स्कीमों जैसे मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार ऊत्थान योजना सेल्फ हेल्प ग्रुप, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन प्रोग्राम, हरियाणा अनुसूचित जाति वित व विकास निगम, पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत लंबित पड़े केसों का जल्दी निपटान व लक्ष्यों को पूरा करने के बारे आग्रह किया। पुनीत कुमार, मुख्य जिला अग्रणी अधिकारी ने मीटिंग के दौरान जिला अंबाला के बैंकर्स द्वारा मार्च 2023 तिमाही की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होने विभिन्न सरकारी स्कीमों के अंतर्गत लंबित पड़े प्रार्थना पत्रों का 30 जून 2023 से पहले निपटान करने के बारे सभी बैंकर्स को आग्रह किया।



## संघ के शिविरों में स्वयंसेवकों का होता है मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक विकास

**पानीपत:** सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरियाणा प्रांत के प्रथम वर्ष का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। संघ के हरियाणा प्रांत के सह कार्यवाह डॉ. प्रीतम सिंह, सह प्रचारक डा सुरेंद्रपाल के साथ स्थानीय कार्यकताओं ने हवन में आहुति देकर शिविर का शुभारंभ किया। सह प्रांत कार्यवाह डा. प्रीतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वर्ग 3 से 24 जून तक चलेगा। इस शिविर में हरियाणा प्रांत के लगभग 275 स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देने के लिए 32 शिक्षक वर्ग में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ग में शिक्षार्थियों का मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक विकास किया जाएगा। इस वर्ग में समय-समय पर प्रांतीय, क्षेत्रीय तथा अखिल भारतीय अधिकारियों का मार्गदर्शन भी शिक्षार्थियों को मिलेगा। वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आए स्वयंसेवकों के लिए भोजन की व्यवस्था समाज के सहयोग से की जाएगी।

## जिले में 15 हजार एकड़ में धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य: उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं कल्याण विभाग की और से जिले में 15 हजार एकड़ में धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के 13 सौ किसानों ने 14 हजार एकड़ में धान की बिजाई को लेकर मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है। सरकार ने धान की सीधी बिजाई को लेकर 10 जून निर्धारित की है। इसके बाद किसान धान की सीधी बिजाई नहीं कर सकते। जिला किसान एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि जो किसान आधुनिक तरीके से डीएसआर मशीन से धान की सीधी बीजाई करेंगे विभाग की तरफ से 4 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि उन्हें प्रोत्सहान स्वरूप प्रदान की जायेगी। किसानों को इसके लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। जिला किसान एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि कृषि अगर धान की बिजाई परंपरागत तरीके की बजाए सीधी पद्धति से की जाए तो 25 प्रतिशत पानी की बचत के साथ लेबर खर्च में भी बचत होगी। किसान इस विधि से 10 जून तक धान की बिजाई कर सकते हैं। धान बिजाई की इस विधि में 6 से 8 किलोग्राम प्रति एकड़ बीज की जरूरत होगी।

## मोहड़ा के नजदीक भीड़े वाहन, बाल बाल बचा परिवार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला में दिल्ली से चंडीगढ़ जा रही मर्सिडीजए एम जी हेक्टर और कैंटर की आपस में भिड़ंत हो गई। एक्सीडेंट में मर्सिडीज और एम जी हेक्टर गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा है। मौके पर उपस्थित ट्रक ड्राइवरों और पुलिस ने कार सवारों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि गाड़ियों में सवार परिवार बाल.बाल बच गया। हादसा मोहड़ा अनाज मंडी के सामने पुलिस चेकिंग के दौरान हुआ। हादसे के बाद अंबाला.दिल्ली चंडीगढ़ हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने यातायात को सुचारु रूप से चलाया। पुलिस के मुताबिकए मोहड़ा अनाज मंडी के सामने पुलिस चेकिंग कर रही थी। दिल्ली की तरफ से आई दिल्ली नंबर मर्सिडीज तेज रफ्तार थी। पुलिस ने मर्सिडीज को रोका हुआ था। इसी बीचए पीछे से एक कैंटर आया और पहले एम जी हेक्टर को पीछे से टक्कर मारी और फिर मर्सिडीज को साइड से टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शी ट्रक ड्राइवरों के मुताबिकए चेकिंग के दौरान 2 पुलिस कर्मियों सड़क पर आगे आकर कैंटर को अचानक हाथ करके रोकने का इशारा किया था। जैसे ही ड्राइवर ने कैंटर को साइड में दबाया तो पीछे से तेज रफ्तार में आई गाड़ियों की टक्कर हुई है। ट्रक ड्राइवरों का कहना है कि जब कैमरे लगे हुए हैं तो ऑनलाइन चालान करने चाहिए। ऐसे सड़क पर एकदम नहीं रोकना चाहिए। एस एच ओ ट्रैफिक जोगिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने कैंटर को नहीं दिल्ली नंबर की तेज रफ्तार मर्सिडीज को रोका हुआ था। इस मामले में किसी ने कोई शिकायत नहीं सौंपी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटा यातायात चला दिया है।



## हॉकी अंबाला द्वारा साइकिल दिवस पर साइकिल रैली निकाली

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस पर हॉकी अंबाला द्वारा बच्चों के साथ साइकिल रैली का आयोजन अंबाला छावनी में किया गया। जिसमें हॉकी अंबाला के चेयरमैन राजेंद्र विज के द्वारा दिए गए निदेर्शों से रैली की अगुवाई हॉकी अंबाला के प्रधान एसएस मान द्वारा की गई। इस रैली में हॉकी खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल व हैंडबॉल के लगभग 140 खिलाड़ियों भाग लिया। यह रैली जीएमएन कॉलेज से शुरू होकर गोल चक्कर से होती हुई स्टेशन तक गई और लोगों को प्रेरित किया कि वह बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए साइकिल का प्रयोग करें क्योंकि साइकिल चलाने से ना केवल इंजन ही बचता है बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बहुत बड़ा एक व्यायाम है।



# स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए करें कड़ी मेहनत: सुभाष चंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**स्वच्छ भारत** मिशन हरियाणा की राज्य स्तरीय टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में प्रदेश व जिले में बेहतर रैंकिंग के लिए मेहनत व लग्न से कार्य करने का आहवान करते हुए स्वच्छता अभियान को सामाजिक रूप देकर इस अभियान को सामाजिक आंदोलन बनाने बारे कहा। चेयरमैन सुभाष चंद्र अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रैंस हाल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत निवनियुक्त सदस्यों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक ले रहे थे। यहां पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त डा0 विवेक भारती व नव नियुक्त सदस्यों ने चेयरमैन को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
चेयरमैन सुभाष चंद्र ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जो गतिविधियां की जा रही हैं उसकी विस्तार से जानकारी लेते हुए समीक्षा की और इस अभियान को मिशन मोड के तहत करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।
जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच के अनुसार हम सबको मिलकर समस्त अभियान को एक जन आंदोलन बनाना होगा और जनभागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं मिशन के कार्यों की न केवल मॉनिटरिंग करते हैं बल्कि फीडबैक भी लेते रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन से मुख्य रूप से जुड़े सरकारी विभागों के अधिकारियों को यह मूल्यांकन करना होगा कि पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में उनका कितना योगदान था और इस बार वे कितना जंप मार कर आगे निकल सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में बेहतर रैंकिंग के लिए प्रदेश व जिला स्तर पर लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त सदस्य भी अपने क्षेत्रों की नगर निगम व नगर पालिकाओं के तहत मोनिटरिंग रखें। स्वच्छता अभियान बारे जो योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उस बारे आमजन को जागरूक करें। हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि सभी के प्रयासों से अपने गांव में जिला को सुंदर व स्वच्छ बनाएं ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सपने को साकार किया जा सके।
स्वच्छता अभियान बारे केन्द्र में एक मंत्रालय का तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा का गठन किया गया है। इसी प्रकार राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स व जिला स्तर पर डिस्ट्रीक टास्क फोर्स गठित की गई है ताकि स्वच्छता अभियान संबधी हर गतिविधि पर नजर रखते हुए बेहतर समन्वय के साथ स्वच्छता के क्षेत्र में सभी लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए इस अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होने यह भी बताया कि वह स्वच्छ भारत मिशन के तहत 20 जिलों में नव नियुक्त सदस्यों के साथ बैठक ले चुके हैं। करनाल व पानीपत जिले में भी वह जल्द ही बैठक लेंगे। उन्होने बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी कहा कि वे हर महीने इस बैठक को लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से शेड्यूल जारी किया गया है कि हर माह की 2 तारीख को स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह चलने वाले स्वच्छता अभियान का शेड्यूल टास्क फोर्स के गैर सरकारी सदस्यों को भी शामिल किया जाए। इस अभियान में जिला स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ अम्बैस्टर को जोड़ते हुए स्वच्छता अभियान बारे लोगों को जागरूक करें। निसंदेह इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति अच्छा संदेश जायेगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला लगाई जाए। इस कार्यक्रम के तहत स्कूलों में असेंबली के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के टिप्स दिए जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला के सभी पुलिस चौंकी व सभी थाने तथा पुलिस लाईन में स्वच्छता अभियान चलाए। इस कार्यक्रम में जिला टास्क फोर्स के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।
बैठक में टास्क फोर्स के गैर सरकारी सदस्यों को ब्लॉक भी अलॉट किया गया जिसमें नगरपालिका बराडा ब्लॉक के साथ-साथ शहजादपुर ब्लॉक की जिम्मेवारी विशाल सिंगला को सौंपी।



# जमानत के बावजूद बीमार पत्नी से नहीं मिल सके सिसोदिया

## मनीष सिसोदिया को घर पर मिलने की इजाजत थी, पत्नी को पहले ही हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**मनीष** सिसोदिया शनिवार को तिहाड़ जेल से पुलिस वैन में अपने घर आए। उन्होंने वैन से निकलने के दौरान हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया जमानत मिलने के बाद भी बीमार पत्नी से नहीं मिल सके। वे शनिवार सुबह पत्नी सीमा सिसोदिया से मिलने के लिए घर पहुंचे। हालांकि उनके पहुंचने से पहले ही उनकी पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कोर्ट ने सिसोदिया को शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच घर जाकर पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें हॉस्पिटल जाने की परमिशन नहीं दी थी। इस वजह से जमानत मिलने के बावजूद सिसोदिया अपनी पत्नी से नहीं मिल सके।






### राउज एवेन्यु कोर्ट ने 6 जुलाई तक बढ़ाई कस्टडी

**शराब** नीति केस में मनीष सिसोदिया की ज्युडीशियल कस्टडी 6 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यु कोर्ट ने सीबीआई से सिसोदिया के खिलाफ दायर चार्जशीट और सप्लीमेंट्री चार्जशीट समेत सभी डॉक्यूमेंट्स की कॉपी जमा करने कहा है।

मनीष सिसोदिया को शराब नीति मामले में 26 फरवरी को सीबीआई ने अरेस्ट किया था। 9 मार्च को ईडी ने उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया था। ईडी ने उनके खिलाफ 2100 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। वहीं, सीबीआई पहले ही चार्जशीट दायर कर चुकी है।

**पुलिस की सिक्योरिटी में घर पहुंचे सिसोदिया:** जस्टिस दिनेश शर्मा की बेंच ने तिहाड़ जेल अधीक्षक को आदेश दिया था कि वे सिसोदिया को उनके घर ले जाएं। एक सीनियर जेल अधिकारी के मुताबिक, सिसोदिया को सुबह करीब 9 बजे पुलिस सिक्योरिटी में घर ले जाया गया। उन्हें शाम 5 बजे जेल लौटना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सिसोदिया इस दौरान मीडिया से बातचीत, मोबाइल या इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। न ही परिवार के सिवाय किसी और मेंबर से मिलेंगे। मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित हैं सीमा सिसोदिया मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया मल्टीपल स्केलेरोसिस नाम की बीमारी से पीड़ित हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सुबह सीमा ठीक महसूस नहीं कर रही थीं, जिसके बाद उन्हें लोक नायक जयप्रकाश हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया गया।

**न्यूरोलॉजिकल बीमारी है मल्टीपल स्केलेरोसिस:** मल्टीपल स्केलेरोसिस एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। इसमें दिमागी नसों की कवरिंग किसी वजह से निकल जाती है। यह सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। इस वजह से कई तरह की दिक्कतें आने लगती हैं। कई बार बॉडी पार्ट्स सुन्न पड़ जाते हैं या आपस में कोऑर्डिनेट नहीं कर पाते। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति डिप्रेशन का भी शिकार हो सकता है।

# 'वैवाहिक मामलों में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की प्रवृति बढ़ी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत पत्नी के प्रति क्रूरता के अपराध के लिए वैवाहिक मामलों में आरोपी के रूप में नाबालिगों सहित पति के सभी रिश्तेदारों को फंसाने की महिलाओं में प्रवृत्ति बढ़ रही है। अदालत ने यह टिप्पणी दहेज प्रताड़ना के मामले में एक उपनिरीक्षक को राहत प्रदान करते हुए की। भाभी द्वारा दर्ज मामले के आधार पर उसकी नियुक्ति को लंबित रखा गया था। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को याचिकाकर्ता को नियुक्त करने का आदेश दिया है। जस्टिस वी कामेश्वर राव और अनूप कुमार मेंदिरत्ता की खंडपीठ ने कहा कि ऐसी कई शिकायतें अंततः पार्टियों द्वारा अदालत के बाहर सुलझाई जाती हैं। अदालत ने एक ऐसे व्यक्ति को राहत दी, जिसकी दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के रूप में नियुक्ति को स्थगित रखा गया था, क्योंकि उसका नाम धारा 498ए के तहत अपराध के लिए दायर की गई पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा विवाह संबंधी विवादों के संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज होने की स्थिति में महिलाओं में नाबालिगों सहित सभी रिश्तेदारों को शामिल करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ऐसी कई शिकायतें अंततः या तो परिवारों, पति-पत्नी के बीच सुलझा ली जाती हैं और बाद में कहा जाता है कि मामला गर्मी में दायर किया गया था। अदालत ने कहा उपरोक्त प्रावधान का दुरुपयोग काफी हद तक देखा गया है, हालांकि अधिनियमन के हितकारी उद्देश्य को किसी भी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

**टिप्पणी**

= अदालत ने यह टिप्पणी दहेज प्रताड़ना के मामले में एक उपनिरीक्षक को राहत प्रदान करते हुए की

# सचिवालय से गायब हुई थीं रेनोवेशन और शराब घोटाले समेत कई फाइलें

## सचिव राजशेखर की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार के आईएएस की शिकायत पर सचिवालय से संवदेनशील फाइलों के गायब होने से जुड़ी घटना में दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। विशेष सचिव (सतर्कता) वाईवीवीजे राजशेखर ने मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण, आबकारी नीति की जांच सहित कई संवेदनशील मामलों की जांच से जुड़ी विजिलेंस विभाग की फाइलों के अनधिकृत तौर पर हटाए जाने पर शिकायत की है।

**दिल्ली पुलिस की जांच शुरू:** दिल्ली पुलिस ने राजशेखर की ओर से दी गई तथ्यात्मक रिपोर्ट पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की है। राजशेखर की रिपोर्ट में कहा गया है कि 15-16 मई की मध्य रात्रि से तीन बजे तक सचिव के दफ्तर से अनधिकृत तौर पर प्रवेश कर गोपनीय दस्तावेज हटा लिए गए। इनमें कई हाई प्रोफाइल व्यक्ति और अधिकारी भी जांच के दायरे में हैं।

**कई हाई प्रोफाइल फाइलें हुई चोरी:** सतर्कता विभाग का कहना है कि जो दस्तावेज गायब हुए हैं, उनमें आबकारी विभाग की चार्जशीट, मुख्यमंत्रियों से संबंधित दस्तावेज, मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण, सूचना व प्रचार भुगतान, दिल्ली जल बोर्ड से संबंधित मामले, व्यापार एवं कर विभाग में सोने की चोरी मामले सहित जेल अधिकारियों व मंत्री के बीच गठजोड़, दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन सीईओ द्वारा विरासत संरचना को विध्वंस करने और फीडबैक यूनिट से संबंधित अहम दस्तावेज थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि मनगढ़ंत आरोप लगाकर इन मामलों में पूछताछ को प्रभावित करने की कोशिश की गई। मंत्री सौरभ भारद्वाज की तरफ से विशेष सचिव पर उगाही करने के आरोप भी लगाए गए थे। इसका मकसद यह था कि विशेष सचिव (सतर्कता) को अपनी जिम्मेवारियों को निभाने से रोका जाए और जांच प्रभावित की जा सके।




**सौरभ भारद्वाज के कहने पर हटाई गई फाइलें:** रिपोर्ट बताती है कि कक्ष में सौरभ भारद्वाज के कहने पर 15-16 मई की रात दुर्भावनापूर्ण तरीके से रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ करने के इरादे से अनधिकृत तौर पर प्रवेश कर संवेदनशील मामलों की फाइलें हटा ली गईं। एक एनजीओ की तरफ से कथित तौर पर मंत्री सौरभ को एक शिकायत दी गई थी।

# साक्षी की सहेली-साहिल के दोस्त ने बताया चौंकाने वाला सच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साक्षी** हत्याकांड में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू को रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास के एक खाली प्लॉट से बरामद किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद चाकू को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया गया है। इससे पहले पुलिस मौके से पत्थर, आरोपी का मोबाइल फोन और बुलंदशहर से वारदात के दौरान पहने जूते बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने अदालत से तीन दिन की रिमांड पर लेने के बाद साहिल से सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि वारदात के बाद भागते समय वह चाकू रोहिणी सेक्टर-11 में रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास एक खाली प्लॉट में फेंक दिया था। पुलिस आरोपी को लेकर एक बार फिर उसी जगह पहुंची। जहां से उसकी निशानदेही पर चाकू बरामद कर लिया गया। पुलिस अधिकारी का कहना है कि बरामद चाकू को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि चाकू पर लगा खून साक्षी के खून से मिल जाता है और चाकू पर साहिल की अंगुलियों के निशान मिल जाते हैं तो आरोपी का बच पाना नामुमकिन होगा।



**अब तक 25 लोगों से पूछताछ:** बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि साक्षी हत्याकांड में पुलिस लगातार साक्ष्य इकट्ठा करने में जुटी है। मामले की जांच सही दिशा में जा रही है और इस मामले में कई महत्वपूर्ण साक्ष्य हासिल कर लिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस अब तक इस मामले में 25 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसमें मृतका की सहेली, आरोपी के दोस्त और चश्मदीद शामिल हैं। यह पुलिस की जांच पर निर्भर है कि वह किसको अपना गवाह बनाएगी। जांच के दौरान किसी अन्य का नाम सामने आता है तो पुलिस उससे भी पूछताछ करेगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद जिन रास्तों से आरोपी दिल्ली से भागकर बुलंदशहर पहुंचा था इसकी पूरी जानकारी पुलिस को मिल चुकी है। पुलिस ने उसके बुआ के घर पर दबिश देकर आरोपी के जूते भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस आरोपी को सजा दिलाने के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्य इकट्ठा करने में जुटी है और जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल करेगी।

आपको बता दें कि बाहरी उत्तरी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार रात एक युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार कर एक नाबालिग लड़की की चाकू के 40 से अधिक वार कर बेरहमी से हत्या कर दी।

# कभी भी खत्म नहीं हो सकती उर्दू जबान : अख्तरुल वासे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
: उर्दू भाषा कभी भी समाप्त नहीं हो सकती है क्योंकि यह हर किसी के दिलों में रची-बसी है। जिस भाषा में माताएं अपने बच्चों को लोरियां सुना कर सुलाती हैं, वह भाषा अमर हो जाती है। उर्दू भाषा को लेकर जो चिंताएं व्यक्त की जाती हैं, वह बेबुनियाद है। पद्मश्री प्रो. अख्तरुल वासे ने उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में दरियागंज स्थित जायका रेस्टोरेंट में आयोजित उर्दू जबान: मकबूल भी, मजलूम भी नामक पुस्तक के विमोचन समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मीम अफजल ने की और मुख्य अतिथि के तौर पर प्रो. शहपर रसूल, मशहूर शायर माजिद देवबंदी, वरिष्ठ पत्रकार मासूम मुरादाबादी मौजूद थे। मंच का संचालन पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार सोहेल अंजुम ने किया।

# 55 साल पुराने काली मंदिर पर चला पीडब्ल्यूडी का बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मायापुरी चौ**क पर सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 55 साल पुराने काली माता मंदिर पर शनिवार सुबह पीडब्ल्यूडी ने बुलडोजर चला दिया। अब यहां रास्ते का निर्माण होगा। इस वक्त मंदिर का मलबा हटाने का काम चल रहा है। गौरतलब है कि 55 साल पुराने इस मंदिर से नगर निगम ने भगवान की मूर्तियां पहले ही हटा ली थीं। इस मंदिर को गिराने का काम इतना आसान नहीं था। इसके लिए कानूनी लड़ाई भी लड़ी गई। हाईकोर्ट से जब मंदिर को गिराने का रास्ता साफ हो गया तो पीडब्ल्यूडी ने कार्रवाई कर मंदिर को गिरा दिया है। पूरी कार्रवाई के दौरान इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात रहे और पूरी प्रक्रिया शांति से निपट गई।

**अदालत ने कही थीं ये बातें:** अदालत में जब इस मामले में सुनवाई हुई थी तब कोर्ट ने कहा कि स्केच और क्षेत्र की तस्वीरों से स्पष्ट होता है कि मंदिर सरकारी भूमि पर था। हकीकत में, पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ के साथ-साथ सड़क पर भी मंदिर द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

# महिला ने ठुकराया प्रपोजल तो युवक ने किया चाकू से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बेगमपुर थाना इलाके से हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां अमित नाम के एक व्यक्ति ने महिला को चाकू मारने के बाद खुदकुशी कर अपनी जान दे दी। महिला को कई गंभीर चोटें आईं हैं, जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति और महिला दोनों एक ही इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में काम करते थे। उस आदमी ने उसे पहले भी प्रपोज किया था, लेकिन महिला ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिसके बाद आरोपित ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया।

# फर्जी इंस्टग्राम प्रोफाइल बनाकर लोगों से मंगाता न्यूड तस्वीरें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिणी** जिले की साइबर थाना पुलिस ने ठगी के एक मामले में एक ठग को शाहीन बाग इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपित ठग की पहचान बिहार के पश्चिम चंपारण के रहने वाले युवक मो. अमन(22) के रूप में हुई है। इसके पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक सिम कार्ड, चार डेबिट कार्ड, एक राउटर और एक माडम बरामद किया है। दक्षिणी जिले की पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि बृहस्पतिवार को डिफेंस कॉलोनी के एक शिकायतकर्ता ने जिले के साइबर थाने में सूचना दी कि वह इंटरनेट मीडिया के माध्यम से एक लड़की के संपर्क में आया और उससे चैटिंग करने लगा। कुछ समय बाद युवती ने शिकायतकर्ता की नग्न तस्वीरें भेजने को कहा जो उन्होंने भेज दी। बाद में वह वाट्सएप के जरिए उन्हें ब्लैकमेल करने लगी और इसके चलते शिकायतकर्ता ने उसे पांच बार में कुल 21 हजार 600 रुपये भेज दिए। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# फिल्मों में काम दिलाने का झांसा देकर 50 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्य** प्रदेश की राजधानी भोपाल की एक मॉडल युवती को फिल्मों और मॉडलिंग का रोल दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक-युवती को भोपाल क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी युवक-युवती कई लोगों को मॉडलिंग और फिल्मों, सीरियल्स में रोल दिलाने का झांसा देकर करीब 50 लाख से अधिक की ठगी कर चुके हैं। भोपाल की युवती को भी इसी तरह का झांसा दिया था। एडीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान के अनुसार पिपलानी क्षेत्र में रहने वाली युवती मॉडलिंग करती है। उसने पुलिस को बताया कि वह डांस के वीडियो इंटरनेट पर शेयर करती रहती है। 17 दिसंबर 2022 को दिल्ली की ड्रीम मेकर कंपनी से एक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि तुम्हारा चयन कंपनी के वीडियो डांस के लिए हो गया है। इसके लिए आपको 15 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करना होगा। युवती ने 15 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जालसाज ने मुंबई की प्रसिद्ध बालाजी कंपनी में डांस की शूटिंग का ऑफर दिया। उसने कहा कि शूटिंग के लिए 17 हजार 500 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। दस दिन शूटिंग चलेगी। इस शूटिंग में शामिल होने के लिए आपको आर्टिस्ट कार्ड बनवाना होगा।




**पिता के खाते से ट्रांसफर किए थे पैसे:** युवती ने जालसाजों के झांसे में आकर करीब 71 हजार 600 रुपये जमा कर चुकी थी। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने फोन किया और कहा कि आपको एक लाख पांच हजार रुपये और जमा करने होंगे वरना अब तक जो 71 हजार रुपये से अधिक जमा है, वह वापस नहीं मिलेंगे। जालसाज और पैसे के लिए बार-बार अलग-अलग नंबरों से फोन कर दबाव बनाने लगे। तब युवती और उनके परिजनों को ठगी का पता चला। इसके बाद साइबर सेल और क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी।

**बंटी-बबली हैं कंपनी संचालक:** भोपाल क्राइम ब्रांच ने दिल्ली की मधुविहार कॉलोनी से वकार आलम और अलका बड़ोनिया को गिरफ्तार किया है। दोनों ड्रीम मेकर्स कंपनी के संचालक हैं। दोनों ने अपने-अपने मोबाइल नंबर से फोन कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों के मोबाइल और अन्य इलेक्टॉनिक्स उपकरण जब्त किए हैं।




## न्यूज फ्लैश

### ईंटों से भरी ट्रॉली पलटी एक महिला पुरुष घायल

**मथुरा।** गांव रनवारी में ईंटों के भरे ट्रोला के पलट जाने के कारण कमई निवासी एक व्यक्ति व महिला बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। छाता गोवर्धन मार्ग छाता से लेकर साखी तक बुरी तरह जर्जर पड़ा हुआ है। आए दिन एक्सीडेंट होते हैं। गोवर्धन की तरफ से रोड को बनवाया गया था। वह रोड पहले ही साखी गांव तक बन गया फिर उसके बाद साखी गांव तक बनाया गया, अब उसका काम बंद कर दिया गया है। रोड के पूरा बनाए जाने की ग्राम वासियों ने मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार रोड का अधूरा काम छोड़ कर चले गए हैं। जिससे काम अधर में पड़ा हुआ है। पूरे कराए जाने की मांग की है, जिसे जल्द से जल्द रोड को बनाया जाए जिससे आगे कोई दुर्घटना ना हो।

### वृंदावन में सड़कों पर हो रही वाहन पार्किंग से लगता है जाम

**मथुरा।** मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान दिये बिना धार्मिक पर्यटन को बढावा देने की लगातार हो रहीं कोशिशों से नए तरह की परेशानी खडी हो गई है। वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तो इजाफा हुआ है लेकिन उन्हें संभालने के लिए जिस ढांचे की आवश्यकता है वह ढांचा अभी पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है। वृंदावन तीर्थनगरी की यातायात व्यवस्था आखिर कब पटरी पर आएगी। लोगों के लिए यह यक्ष सवाल बन चुका है। जिला प्रशासन के पास भी इस सवाल का कोई जवाब नजर नहीं आ रहा है। लोग हमेशा की तरह बिगड़ते ट्रैफिक सिस्टम से जूझने पर मजबूर हैं। धार्मिक नगरी की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। नगर के हर चौराहे तिराहे, गली कूचे जाम से त्रस्त है। शासन प्रशासन द्वारा इस जाम की समस्या से निजात दिलाने के तमाम वादे जनता से कर चुके हैं। लखनऊ से आए आला अफसरों के मंथन के बाद भी इस विकराल समस्या का कोई तोड़ अभी तक नहीं निकल पाया है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तैनात किए गए पुलिसकर्मी बाहर से आने वाले वाहनों और गलत ढंग से चल रहे ई रिक्शा चालकों से अवैध वसूली में व्यस्त हैं।

### बीसीए छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

**मथुरा।** बीसीए के छात्र की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। पुलिस हत्या और आत्महत्या की गुत्थी में उलझी है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजन भी मौके पर आ गए। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृत युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला। इसके साथ ही उसके हाथ पर पैन से रूपेंद्र और मोबाइल नंबर लिखा था। मोबाइल फोन मिलाया और परिजन को जानकारी दी। मथुरा के थाना जमुनापार क्षेत्र स्थित शिवनगर निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का रेलवे ट्रैक पर शव मिला। मृतक के हाथ पर पेन से नाम और नंबर लिखा होने पर उसकी शिनाख्त हुई। मृतक की पहचान थाना जमुनापार के गांव तैयापुर स्थित शिवनगर निवासी रूपेंद्र (24) पुत्र रोहतक के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आईसीआईसीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल को 1,200 करोड़ रुपए का योगदान देने की घोषणा की

**गाजियाबाद।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के लिए 1,200 करोड़ रुपए का योगदान देने की प्रतिबद्धता की घोषणा की। टीएमसी देश भर में कैंसर उपचार और अनुसंधान केंद्र चलाने वाली एक प्रमुख संस्था है। आईसीआईसीआई बैंक अपने सीएसआर फंड से 7.5 लाख वर्ग फुट के संयुक्त क्षेत्र में फैली तीन नई इमारतों की स्थापना के लिए राशि प्रदान करेगा। साथ ही महाराष्ट्र में नवी मुंबई, पंजाब में मुल्लांपुर और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में टीएमसी के केंद्रों को अत्याधुनिक मशीनों से लैस करेगा। किसी भी संगठन द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिया गया यह सबसे बड़ा एकल योगदान है। आधुनिक उपकरण और मल्टी-डिसिप्लीनरी टीमों के विशेषज्ञों के साथ ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट में उत्कृष्टता वाले ये नए केंद्र एक वर्ष में लगभग 25,000 नए रोगियों को एडवांस्ड और एविडेंस बेस्ड थैरेपी प्रदान करेंगे। इस तरह ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट से संबंधित वर्तमान क्षमता दोगुना हो जाएगी, जिससे देश के कैंसर उपचार के बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलेगा। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रेसिडेंट श्री संजय दत्ता और टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक डॉ आर ए बडवे ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री गिरीश चंद्र चतुवेर्दी और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री संदीप बत्रा भी मौजूद थे। श्री चतुर्वेदी ने मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल में डॉ. बडवे और श्री बत्रा की उपस्थिति में आईसीआईसीआई एमआरआई सुविधा का भी उद्घाटन किया। यह सुविधा आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सहयोग से एडवांस्ड एमआरआई मशीन से लैस है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री गिरीश चंद्र चतुर्वेदी ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक के पास देश की सेवा करने की लंबी विरासत है। इसी फिलॉस्फी के अनुरूप आईसीआईसीआई फाउंडेशन आज देश के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

# कार्यकर्ताओं ने मेहनत करके पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम किया : चौटाला

### हलका प्रधान अनिल त्यागी व ठरू गांव में सरपंच संदीप ठरू आदि ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शनिवार को हलके के दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत की। नगरपालिका रोड स्थित पुष्प वर्ल्ड स्कूल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री चौटाला ने कहा कि कार्यकताओं ने मेहनत कर-के पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम किया है। पहलवानों के मामले को लेकर पूछे जाने उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगर यह राज्य स्तरीय मुद्दा होता तो हम इसे जरूर सॉल्व करते लेकिन यह एक नेशनल मुद्दा है



जिसको कुछ पार्टी और नेताओं द्वारा उकसाने का काम किया जा रहा है। चौटाला ने कहा कि पहलवानों को चाहिए कि वे इन्वेस्टिगेशन में सहयोग करें और उसको गति प्रदान करें। गन्नौर में अवैध रजिस्ट्री के धांधली मामले में चौटाला ने कहा कि 95 टोकन कटे थे जिनमें से 77 रजिस्ट्री की गई और 63 रजिस्ट्री अवैध कॉलोनियों की निकली थी जिनमें एक रुपए की भी स्टैंप चोरी नहीं की गई है। अभी इन्वेस्टिगेशन जारी है, अगर किसी प्रकार की भी कोई त्रुटि मिलती है तो सभी रजिस्ट्री को रद्द कर दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय एमएलए द्वारा रजिस्ट्री का मामला मेरे संज्ञान में लाया गया था जिसका विपक्ष से कोई लेना-देना ही नहीं है, जिस पर अभी जांच जारी है। इस मौके पर चेयरमैन सुमित राणा, चेयरमैन पवन खरखौदा, जिलाध्यक्ष राजसिंह दहिया, हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी, सियान्नद त्यागी, रणधीर मलिक, राई हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई, अजीत आंतिल, ठरू के सरपंच संदीप ठरू, नीरज त्यागी आदि मौजूद थे। ठरू गांव के सरपंच संदीप ठरू ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से गांव की समस्या के समाधान का मांग पत्र सौंपा।
उपमुख्यमंत्री ने गांव में लाईब्रेरी बनाने, गांव में तालाब बनवाने, गांव से सोनीपत जाने वाली सड़क के निर्माण की मांग की। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सरपंच की मांग की पूरा करवाने का आश्वाशन दिया।

## जरुरतमंद कन्या की शादी में किया सहयोग



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने गांव दिनारपुर में एक जरुरतमंद बेटी की शादी में जरुरत का सामान देकर मदद की। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव दिनारपुर में एक बेटी के विवाह में सामान की जरुरत है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों के सहयोग से सामान जुटाया गया। इस मौके पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, शाहबाद के अध्यक्ष मदनलाल कथूरिया, प्रभारी सविता मदान, सह प्रभारी पूनम, सचिव नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, फूल सिंह, महिला सह सचिव हरमीत कौर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सनौली खुर्द बाईपास पर ट्रक ने मारी पीकअप गाड़ी को टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत में नेशनल हाईवे 709 एडी पर सनौली खुर्द बाईपास पर गांव रिशपुर मोड़ पर शुक्रवार देर रात को एक तेज रफ्तार ट्रक ने सडक किनारे खड़ी एक पीकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं और एक किशोर व एक युवक सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि महिलाओं सहित 18 लोग घायल हो गये। हालांकि घायलों में से 10 लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है और जबकि बाकि घायलों को कम चोट आई है। पीकअप गाड़ी में सवार होकर सभी श्रद्धालु जींद जिला के गांव कमाच खेड़ा से हरिद्वार में गंगा स्नान करने के लिये जा रहे थे। जब पीकअप गाडी सनौली खुर्द बाईपास पर पहुंची तो उसमें पेंचर हो गया और चालक पीकअप का टायर बदल रहा था तो उसी दौरान पानीपत की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसके पीछे सीधी टक्कर




मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक को छोडकर फरार हो गया। वहीं सनौली खुर्द थाना पुलिस ने रोशन निवासी गांव कमाच खेड़ा, जींद की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है और ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

## वृंदावन में निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**मथुरा।** वृंदावन नगर में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जहां पर झांकियों ने मनमोहा तो विंटेज कार लोगों का आकर्षण का केंद्र रही। विंटेज गाड़ी में भगवान परशुराम सवार होकर चले और रास्ते में भगवान परशुराम जी का जगह जगह की गई। 20 झांकियों के साथ 6 बैंडों के साथ यात्रा ने शहर को परशुरामय कर दिया। वही लोगों के द्वारा जय श्रीराम के नारे के साथ परशुराम की जय जयकार के नारे लग रहे थे। वृंदावन के भगवान श्री परशुराम शोभायात्रा समिति के बैनर तले परशुराम पार्क से निकाली गई। परशुराम यात्रा का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। डॉ. केशवाचार्य के संयोजन में यात्रा विद्यापीठ चैराहा, बांके बिहारी मंदिर मार्ग, बनखंडी, लोई बाजार, प्रताप बाजार होते हुए रंगजी के पास समाप्त हुई।

## स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन ने विश्व साइकिल दिवस पर रैली निकाली



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन व पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। आज सेक्टर 12 स्तिथ कम्युनिटी सेंटर में विश्व ू ी दिवस को साथ जोड़ते हुए श्री राजीव जैन पूर्व मीडिया सलाहकार की अध्यक्षता में साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को साइकिल चलाने के फायदे बताना था। सेक्टर 12 २२म्युनिटी सेंटर से प्रारंभ हो कर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सब्जी मंडी पहुंचे। जहां पर प्लास्टिक नहीं, थैला अपनाओ मुहिम से लोगो को मंडी के अंदर जागरूक करते हुए कपड़े के थैले वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था से जुड़े सदस्यों के साथ साथ पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चो ने भी भाग लिया। साइकिल रैली के मध्यम से, स्वस्थ रहने का, पेड़ लगाने का, प्लास्टिक छोड़ो, प्रदूषण को कम करने का संदेश दिया और फिर सेक्टर 12 कम्युनिटी सेंटर में रैली को समाप्त किया। रमेश जैन, महावीर अग्रवाल, प्राचार्य कुलदीप चौहान, हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह, गणित प्रवक्ता संजय कुमार, विज्ञान अध्यापक विरेंद्र गहलावत, सुरेश कालरा, प्रवीण वर्मा, दीपक मान, प्रेम गौतम, प्रेम, तरुण, अध्यापिका प्रियंका, अनन्या, मैत्री, आदि युवा सदस्य व बच्चे उपस्थित रहे।

## फर्स्ट एड प्रशिक्षणार्थियों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** शांतनु शर्मा उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में कार्य कर रही जिला रेड क्रास शाखा/ सेंट जॉन एंबुलेंस के द्वारा जिला रेड क्रॉस भवन में प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग तथा होम नर्सिंग की ट्रेनिंग करवाई जाती है जो अठारह वर्ष की आयु के बाद कोई भी कर सकता है। भारत ही नही विदेशों में भी इस ट्रेनिंग कोर्स का बहुत महत्व है। मई 2023 बैच के प्राथमिक सहायता ट्रेनिंग कोर्स के विधार्थियो को कुमारी किरण कश्यप लैक्चरर फर्स्ट एड द्वारा रेड क्रॉस की महत्व पूर्ण गति विधियों की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि घायल व्यक्ति



को डॉक्टर के पास जाने से पूर्व हमे प्राथमिक सहायता मौके पर उपल्बध समान द्वारा करनी चाहिए ताकि घायल की जान बचाई जा सके या उसकी बिगड़ती स्थिति में सुधार लाया जा सके। बेहोश व्यक्ति की सांस न चल रही हो तो सी पी आर विधि का प्रयोग कर उसकी जान बचाए, हड्डी टूट की पहचान कर किसी कपड़े से बांध कर उस अंग को हिलने से बचाए, दौरा पड़ना, आग से जल जाना रोगी को अस्पताल ले जाने की विधियों आदि, विषयों पर विस्तार से प्रैक्टिकल माध्यम से सिखाया। डॉक्ट्र सुनील कुमार सचिव ,जिला रेड

> 8 सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करना, घायल की मदद करना, नशा मुक्ति, संतुलित आहार लेना की शपथ दिलाई

क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निदेर्शानुसार सेंट जॉन एंबुलेंस जिला शाखा द्वारा 30 बच्चों का एक बैच तैयार किया जाता है। ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया रहती है। उसके बाद 1 सप्ताह का प्रोफेशनल ट्रेनिंग कोर्स रेड क्रॉस भवन में करवाया जाता है। प्रोफेशनल ट्रेनिंग की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कुमारी अंजू कश्यप जिला प्रशिक्षण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी/सैंट जॉन एंबुलेंस द्वारा समय समय पर स्कूल, कॉलेज वा अन्य महत्वपूर्ण पूर्ण सेमिनारों में प्राथमिक सहायता की जानकारी प्रदान की जाती है। प्राथमिक सहायता के ईलावा सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करना ,घायल की मदद करना, नशा मुक्ति , संतुलित आहार लेना, नए पेड़ लगाने , रेड क्रॉस की आजीवन सदस्यता लेना , रक्त दान के महत्व आदि महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। उपस्थित प्रशिक्षणाथीयो द्वारा नशा न करनेकी सपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अंजू कश्यप जिला प्रशिक्षण अधिकारी ओम प्रकाश लिपिक, हिम्मत सिंह अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## किडजानिया इंडिया-टीवीएस लेकर आए हैं दिल्ली एनसीआर के बच्चों के लिए एक अभूतपूर्व रेसिंग अनुभव

**गुरुग्राम।** बीते माह 5 मई 2023 को किडजानिया मुंबई में सबसे पहले टीवीएस रेसिंग ऐक्सपीरियेंस सेंटर के कामयाब लांच के बाद अब इन दोनों प्रसिद्ध ब्रांडों ने किडजानिया दिल्ली एनसीआर में टीवीएस रेसिंग ऐक्सपीरियेंस सेंटर लांच की घोषणा की है। ये दोनों ही प्रतिष्ठित ब्रांड हैं, एक ओर जहां किडजानिया इंडिया बच्चों के लिए ऐजुटेनमेंट पार्क के क्षेत्र में लीडर है तो दूसरी ओर टीवीएस देश की एक अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता है। इस सहभागिता के तहत टीवीएस और किडजानिया मिलकर भारत में किडजानिया के पार्कों में ऐक्सपीरियेंस सेंटर की रचना करेंगे ताकी बच्चों को एक सुरक्षित व नियंत्रित परिवेश में रेसिंग के रोमांच का अनुभव दिया जा सके। रेसिंग ऐक्सपीरियेंस सेंटर में होंगे रियल-लाईफ ट्रैक, हाई-टैक सिमुलेटर और असली रेसिंग गियर जिससे की बच्चों को वास्तविक एवं रोमांचक अनुभव प्राप्त हो। किडजानिया में एक लोकप्रिय अनुभव बनने को तैयार इस सुविधा का लक्ष्य है रेसिंग के लिए जज्बे को प्रेरित करना और बच्चों को दिलचस्प व आकर्षक तरीके से इस खेल के बारे में सीखने का अवसर देना।
किडजानिया दिल्ली एनसीआर में ऐक्सपीरियेंस सेंटर के लांच पर उल्लास प्रकट करते हुए किडजानिया इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर राहुल धमधेरे ने कहा, मुंबई और दिल्ली एनसीआर के नन्हे राइडरों के लिए यह अनूठा और इमर्सिव रेसिंग अनुभव मुहैया कराने के लिए टीवीएस के साथ साझेदारी से हम बहुत खुश हैं। यह साझेदारी दो इंडस्ट्री लीडरों के मध्य एक उल्लेखनीय तालमेल की नुमाइंदगी करती है।

## आंगनबाड़ी संचालिका पर बच्चों का पोषाहार पशुओं खिलाने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** बाल विकास योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को सरकार से मिलने वाले पुष्ट पोषाहार का वितरण सरकारी कागजों में ही हो रहा है और सामान ब्लैक में बेचा जा रहा है। शनिवार को गोवर्धन के गांव मुखराई में पोषाहार न मिलने से आक्रोशित महिलाओं ने पोषाहार वितरण करने वाले समूह व आंगनबाड़ी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि तीन माह से बाल पोषाहार सामग्री का वितरण नहीं किया है। आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका की भैंस पुष्ट आहार खा रही हैं। इसकी शिकायत बाल विकास योजना अधिकारी से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। दरअसल छह माह और तीन से छह वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलता है। योजना में आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को शामिल किया गया है।

## स्वर्ण पदक विजेता मिस्टर इंडिया बने खिलाड़ी का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** दिल्ली में 28 मई को संपन्न हुई राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता मिस्टर इंडिया बने खिलाड़ी जितेंद्र के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रणबीर छिक्कारा ने तेवड़ी गांव में जाकर 28 मई को दिल्ली में संपन्न हुई थी उसमें प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल विजेता मिस्टर इंडिया बने खिलाड़ी जितेंद्र कुमार का स्वागत किया । उन्होंने कहा जिस प्रकार जितेंद्र ने सुविधाएं ना होने के बावजूद भी अपनी



मेहनत और लगन से इस मुकाम को हासिल किया है, यह सभी नौजवानों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरे हैं । उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है , इसलिए जीवन में कोई न कोई खेल जरूर चलना चाहिए। खेलों के माध्यम से युवा अपना भविष्य

> 8 आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रणबीर छिक्कारा ने तेवड़ी गांव में जाकर 28 मई को दिल्ली में संपन्न हुई थी

संवार सकते हैं। इस अवसर पर उनके साथ विकास मलिक, डॉक्टर अनिल कुमार, शंकर ,नरेश कुमार सत्यनारायण, धर्मवीर सिंह ,दलेल मलिक ,मेहर सिंह, धर्मपाल सिंह, महेंद्र सिंह, महावीर सिंह ,सुधीर मलिक ,धर्मराज मलिक बलवान , हरिराम ,रामफल आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## 'साइकिल चला कर मानव रख सकता है शरीर को स्वस्थ'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस पर भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत खेल व प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने करीब 15 किलोमीटर साइकिल चलाकर लोगों को साइकिल चलाने का संदेश दिया।भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) कुरुक्षेत्र में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में साई के अधिकारियों, प्रशासनिक व राज्य खेल विभाग के अधिकारियों जिनमें जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, साई



प्रभारी एवं साइकिलिंग कोच कुलदीप सिंह वड़ैच, साई के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, खेल विभाग से सेवानिवृत डीएसओ यशवीर सिंह, प्रशिक्षक चांद राम, प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर, अजायब सिंह, यमन बहादुर, नरेश कुमार सैनी शामिल है, ने साइकिलिंग की। यहां पर साई के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविंद्र सिंह व समाजसेवी नरेश कुमार सैनी ने साइकिलिंग रैली को रवाना किया। यह साइकिल रैली द्रोणाचार्य स्टेडियम से चलकर शहीद उधम सिंह चौक, जिंदल चौक, जीटी रोड उमरी चौक, पिपली देवी लाल पार्क से होकर वापस द्रोणाचार्य स्टेडियम पर सम्पन्न हुई।

> 8 आज के आधुनिक दौर में प्रत्येक व्यक्ति को दिन में एक या दो बार साइकिल अवश्य चलानी चाहिए

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में 3 जून को साइकिल दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र सभा ने 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाने की घोषणा की थी। साइकिल एक विश्वसनीय टिकाऊ यातायात साधन होने के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। साइकिल चलाने से हमारे शरीर में सुस्ती नहीं आती और हमारे शरीर की मांसपेशियां अच्छे ढंग से कार्य करती है। साइकिलिंग कोच एवं साई प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि साइकिलिंग करने से हमारे शरीर मोटा नहीं होता यानी हमारे शरीर को मोटापे का सामना नहीं करना पड़ता। साइकिल चलाने से हमारा शरीर फिट रहता है और पैरो की हड्डियां मजबूत रहती है, जो हमारा बुढ़ापे तक साथ देती है। इतना ही नहीं साइकिल चलाने से पर्यावरण भी साफ रहता है। साई के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविंद्र सिंह ने कहा कि साइकिल का प्रयोग करके हम दुर्घटनाओं को कम कर सकते है। आज के आधुनिक दौर में प्रत्येक व्यक्ति को दिन में एक या दो बार साइकिल अवश्य चलानी चाहिए ताकि शरीर फिट रह सके।

## ज्येष्ठ की पूर्णिमा पर लगाया बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगाया विशाल भंडारा

> 8 पूजा-पाठ का विशेष लाभ मिलता है। इसके साथ ही उपवास रखने से साधक की सभी परेशानियां दूर हो जाती है

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस नम्बर एक की कंपनी 191 लक्ष्मी टैक्सटाइल कंपनी द्वारा विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारे में फैक्ट्री के एमडी पियूष जैन, मैनेजर सुमित मलिक व अन्य स्टाफ के सदस्यों ने भंडारे में प्रसाद वितरण कर अपनी सेवाएं दी। आस पास के कंपनी



के मजदूरों व अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कंपनी के मैनेजर सुमित मलिक ने बताया कि भगवान की कृपा से हिंदू धर्म में व्रत को विशेष महत्व मिला है। इस विशेष दिन दान और पूजा-पाठ का विशेष लाभ मिलता है। इसके साथ ही उपवास रखने से साधक की सभी परेशानियां दूर हो जाती है।

# मॉडल टाउन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने लगाई छबील







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली गंगा** दशहरा और निर्जला एकादशी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉडल टाउन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने शालीमार पार्क मॉडल टाउन सेकंड के मुख्य द्वार पर विशाल छबील लगाई। जिसमें लगभग 5000 से भी अधिक व्यक्तियों ने जून महीने की गर्मी में दूध और गुलाब शरबत से अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर मॉडल टाउन आरडब्लूए की समस्त कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने अपनी सेवाएं अर्पित की।

कार्यक्रम में माडल टाउन आरडब्ल्यूए के प्रधान विजय डालमिया, महामंत्री निर्भय नरुला, वरिष्ठ उपप्रधान प्रेम मनोहर गोयल, संरक्षक ब्रिज मोहन गोटेवाले, संरक्षक नरेन्द्र चुघ, महेन्द्र बंसल, एमपी सिंह, पवन अग्रवाल, सचिव शिक्षा देवेंद्र अग्रवाल, संयोजक सुभाष तायल, सचिव सांस्कृतिक राज चन्ढोक, सचिव कानूनी राज कुमार गुप्ता, सचिव बागबानी चन्दर प्रकाश, कार्यकारिणी सदसय संजय गोयल, विजय मेहता, अनिल बक्शी, मुकेश सूर्या, संजय सहगल ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर पूर्व विधायक कंवर करण सिंह और पूर्व निगम पार्षद सीमा गुप्ता सहित माडल टाउन की विभिन्न संस्थाओ के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। बताते चलें कि माडल टाउन रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन 1993 से पंजीकृत एकमात्र एसोशिएसन है जोकि सम्पूर्ण माडल टाउन के निवासियो का प्रतिनिधित्व करती है और समय-समय पर माडल टाउन की विभिन्न समस्याओ के निवारण हेतु विभिन्न प्रशासनिक विभागो और जनप्रतिनिधियों के निरंतर सम्पर्क में रहकर अवगत कराती रहती है और माडल टाउन को बेहतर और सुन्दर बनाने के लिये समय-समय पर सलाह और सुझाव देने के साथ ही उसको क्रियान्वित भी कराने का भरसक प्रयत्न करती है।







# नरेला विधानसभा : बांकनेर गांव में बाबा मोहन राम के जागरण में झूम उठे श्रद्धालु






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली बांकनेर** गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों द्वारा बाबा मोहन राम के विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया। जागरण में विभिन्न राज्यों से आए भजन गायकों के भक्ति गीतों की फुहारों में पूरी रात श्रद्धालु सराबोर होकर गोते लगाते रहे।

वही विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। बाहरी दिल्ली के बांकनेर गांव में लक्की वाटिका के समीप बाबा के भक्तों द्वारा 14वां विशाल जागरण व भंडारे का बड़ी ही धूमधाम से आयोजन किया। जागरण में विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों एवं संगीतकारों ने भजन आदि गाकर समां बांधा। वहीं बाबा मोहन राम के भजनों पर श्रद्धालु भी जमकर थिरके। जागरण में मुख्य रूप से राजू डीघलिया, संजय वर्मा, भजर बागपत आदि ने अपने मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया और रात भर इस भक्तिमय कार्यक्रम का लोगों ने आनंद लिया। इस दौरान कई प्रकार की मनमोहक झांकियां भी राहुल दीवाना आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत की गई। जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन से जुड़े राहुल प्रजापति ने बताया कि बाबा के भक्त पिछले 13 वर्षों से हर वर्ष बाबा मोहन राम का जागरण में भंडारा आयोजित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी बाबा का जागरण बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि जागरण में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर योगी हितेश्वर नाथ महाराज द्वारा ज्योति प्रचंड करके जागरण की शुरूआत की गई। इसके उपरांत सभी भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथि स्थानीय निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, एडीजी गाजियाबाद अमित कुमार प्रजापति, प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रजापति, प्रमोद कुमार प्रजापति का फूलों की माला, पटका पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। आयोजन से जुड़े सेवादार रोहित प्रजापति ने बताया कि जागरण से अगले दिन सुबह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपनी सेवाएं दी। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। जागरण में सैकड़ों की संख्या में बाबा के भक्तों ने पूरी रात अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी की हुई बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के शाहदरा इलाके में दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक वीर सिंह धिगान ने की। उक्त जानकारी ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ने भाई ढिकोलिया ने दी। खन्ने भाई ढिकोलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में तमाम ट्रेड यूनियनों के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर नंदकिशोर, राजकुमार और कोर कमेटी के अध्यक्ष संतलाल चावरिया, मोहन पहलवान, विरंबिया, संजय कुमार, सतीश टॉक, पिंकी सूद, अनिल ढिलौड, जगदीश कुमार, दिलीप पार्चा, नरेश पिहाल, रणवीर चावरिया, ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर फ्रंट की ओर से पूरा विश्वास दिलाया गया कि 16 जून के प्रोग्राम में भारी से भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे

# वजीरपुर: छत्रपति शिवाजी महाराज का किया गया स्मरण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** स्थित जे.जे कॉलोनी वजीरपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा वजीरपुर मण्डल द्वारा हिन्दू स्वराज की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वें वर्ष पर हिन्दू साम्राज्य दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया। मण्डल अध्यक्ष अमन ढिका की अध्यक्षता में युवा मोर्चा अध्यक्ष शेखर कोली के नेतृत्व में सम्पन्न किया। जिसमें युवा मोर्चा के सभी साथी और सुमित चौहान, अजय नवीन, दीपक, राहुल, हर्ष, अनुज गोविन्दा, विनोद और युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर नव युवक उज्जवल मंच के अध्यक्ष सुमित चौहान ने कहा कि 350 वर्ष पूर्व जेष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन 2 जून सन 1674 को छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ था। यह दिन सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिए गौरव दिवस था, आज के गौरवशाली दिवस को हिन्दू साम्राज्य पर्व के रूप में आयोजित करता हैं एवं नव युवक उज्जवल मंच के कोषाध्यक्ष हर्ष कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

# सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने जनता को बताई मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियां







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली केंद्र** सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्यो को देशभर में जन-जन तक पहुँचाने के लिए भाजपा द्वारा व्यापक महाजनसम्पर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमे सभी सांसद अपने क्षेत्र के हर वर्ग तक पहुँच कर लोगों से संवाद करेंगे। भाजपा जिला केशवपुरम के मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि चांदनी चौक लोकसभा से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्ष वर्धन ने धीरपुर वार्ड के अंर्तगत आने वाले हर क्षेत्र में महा जनसम्पर्क अभियान में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आरडब्ल्यूए , व्यापारी संगठन, कामगार मजदूरों, छात्रों, खिलाड़ियों, स्थानीय लोगों के बीच पहुँच संवाद करते हुए मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों व विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। धीरपुर वार्ड में महा जनसम्पर्क अभियान के संयोजक पूर्व निगम पार्षद व सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी रहे। जनसम्पर्क अभियान प्रातः 6:30 बजे से रात 10 बजे तक चला। इस मौके पर महा जनसम्पर्क अभियान में पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, उमेश शर्मा, नरेंद्र गुप्ता, कुलदीप भारद्वाज, वरुण त्यागी, विक्रम सोमानी, सुनील अवस्थी, विष्णु बंसल, निगम पार्षद सुमन शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

डॉ हर्षवर्धन ने इस अवसर पर कहा कि ये देश का सौभाग्य है कि देश को नरेंद्र मोदी के रूप में असाधारण सोच और दूरदृष्टि भविष्य की जरूरत के दूरगामी सोच से कार्य करते हैं जिसकी छाप उनके हर कार्य में दिखती है। जनहित की योजना बना उसे रिकार्ड समय में मूर्त रूप दे देशवासियों को सौंपने का काम प्रधानमंत्री ने किया है। नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति व विकास के लिए देश के इंफस्ट्रेक्चर को मजबूत किया। उन्होंने गरीब जनता की पीड़ा को नजदीक से देखा है जिसके लिए अनेको-अनेक जनकल्याणकारी योजना बना सीधे सीधे लोगों को लाभान्वित किया है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अपनी सेहत को ठीक रखने के लिए साइकिल अवश्य ही चलाये: विनोद कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** उपायुक्त एवं चेयरमैन विक्रम सिंह के आदेशानुसार व प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फरीदाबाद जितेंद्र कुमार गहलावत डीटीओ एवं डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के निर्देशनुसार एवं अउढ विनोद कुमार ,सरदार देवेंद्र सिंह स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार & मेंबर ऑफ पार्लिम्नेट भारत सरकार के सदस्य के मार्गदर्शन, ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद,रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी फरीदाबाद ,रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) एवं इको क्लब सोसइटी फरीदाबाद की पूरी टीम ने शनिबार को विश्ब साइकिल दिवस एवं विश्ब पर्यावरण दिवस के मोके पर अ ब्लॉक आई पी कॉलोनी फरीदाबाद में चलाया गया सड़क सुरक्षा & विश्ब साइकिल दिवस,विश्ब पर्यावरण दिवस पर सभी बच्चों ने



मिलकर एक साइकिल रैली निकाली गयी एवं सभी बच्चों ने अपना अपना सदेश सड़क पर खड़े होकर सड़क सुरक्षा ,विश्ब साइकिल दिवस,विश्ब पर्यावरण दिवस के बोर्ड ,स्लोगन एवं पेंटिंग ,सेल्फी के माध्मम से दिया गया जिस में सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक ताऊ वीरेंदर वलहारा ने सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं दुर्गा शक्ति अप के बारे बताया कि दुर्गा शक्ति अप डाउनलोड करे अगर कही भी कोई समस्या सड़क पर बेटिओ को आती है दुर्गा शक्ति अप का बटन रेड दबा दे पुलिस जल्द आपके पास लोकेशन पर आ जाएगी आप सभी बच्चे बहुत ही अच्छे है आप हमेशा ही जेबरा क्रॉसिंग पर ही रुके एवं पैदल सवारियों को समझाया कि आपका जीवन बहुत ही अनमोल है हर एक मिनट में एक एक्सीडेंट व तीन मिनट में मौत हो जाती है इसलिए सड़क हमेशा ध्यान पूर्वक पार करें, उल्टी दिशा में ना चले सड़क सुरक्षा,साइकिल रैली, पर्यावरण दिवस स्पेशल जागरूकता अभियान 2023 पने गाड़ी के सभी चार पेपर अपने साथ हमेशा ही रखें इंश्योरेंस, आरसी, पोलूशन , ड्राइविंग लाइसेंस` नेशनल हाईवे पर पैदल यात्री चलते समय सड़क ओवरब्रिज पुल से ही सभी हमेशा पार करें, नेशनल हाईवे पर सभी यात्री ग्रिल से बिल्कुल ना कूदे अगर आपको नेशनल हाईवे पर चलते समय कोई परेशानी आती है तो कृपया आप नेशनल हाईवे का नंबर 1033 डायल करें या हरियाणा पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर डायल करें आपको तुरंत सहायता पुलिस से अबश्य ही मिलेगी अउए एंबुलेंस नेशनल हाईवे पर जिला फरीदाबाद एवं पलवल में लगाई गई है आप इस टोल फ्री नंबर 18001800009 पर कभी भी फोन कर सकते हैं यह सुबिधा निःशुलक है, ओवरलोड गाड़ी को लेकर बिलकुल ना चले

विनोद कुमार अउढ ट्रैफिक फरीदाबाद ने कहा आप सभी बच्चे ज्यादा से ज्यादा बच्चों एवं लोगों को ट्रैफिक के नियम के बारे में जागरूक करें सड़क सुरक्षा पर सभी बच्चों ने मिलकर रैली निकाली बच्चों को बताया गया कि हमेशा अपनी साइड में चले एवं साइकिल भी अपनी साइड में चलाये जिसमें आम जनता को नए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के बारे में बताया गया इस अभियान में सभी बच्चों & सभी टीचर को बताया गया कि सभी स्कूल के बच्चे ऑटो एवं मारुती वैन के अंदर में ज्यादा बिलकुल ना बैठे ,भारत सरकार के द्वारा 15 फरवरी 2023 से 4 साल के सभी बच्चों को भी हेलमेट पहनना पुरे देश एवं प्रदेश में अनिवार्य कर दिया गया है और सभी बच्चो को एवं बड़े को भी आई एस आई मार्क हेलमेट ही पहनना अनिवार्य है इसलिए सभी माँ बाप अपने अपने बच्चों को हेलमेट अबश्य ही सड़क पर चलते समय पहनाएं आप अपनी अपनी कार के अंदर आगे पीछे सीट बेल्ट लगाकर ही चलें, दोनों सवारियों को हेलमेट पहनना जरूरी है, हाई सिक्योरिटी प्लेट अपनी अपनी गाड़ियों में लगाकर रखें इस मौके पर स्टेट रोड सेफ्टी कॉउन्सिल हरियाणा सरकार एवं मेंबर ऑफ पार्लिम्नेट भारत सरकार के सदस्य सरदार देवेंदर सिंह ने बताया कि अगर किसी भी सड़क पर कोई सड़क हादसा हो जाता है तो आप उस घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचा दें (ळौं 'ऋङ्कङ्क रें१ ३ल्ल' ग्रौं) केंद्र सरकार ने हाल ही में 'गुड समैरिटन' स्कीम की शुरूआत की है, इसके तहत जो कोई भी सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर अस्पताल ले जाकर उसकी जान बचाएगा, उसे सरकार के द्वारा 5,000 रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा।इसलिए सड़क पर सभी घायल का हमेशा सहयोग करें आपको अब पुलिस बिल्कुल परेशान नहीं करेगी एंबुलेंस को हमेशा रास्ता दे हमेशा सड़क पर प्रशासन एवं पुलिस को सहयोग करें क्योंकि यही आपके दुख सुख के साथी हैं

इको क्लब कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद कुमार एसीपी ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद,वीरेंद्र सिंह (ताऊ),सरदार देवेन्द्र सिंह सदस्य स्टेट रोड सेफ्टी कॉउन्सिल हरियाणा सरकार, हुकम सिंह प्रभारी परिवहन शाखा पुलिस लाईन फरीदाबाद,सुरेंद्र दहिया , डॉ गुंजन जोशी, डॉ ऋतु रस्तोगी, डॉ प्रीति गर्ग,इको क्लब कोर मेंबर्स नीता गुप्ता,शालिनी अग्रवाल, ममता श्रीवास्तव, पल्लवी सचान,सोनाली सारस्वत अन्य मेंबर्स गीता गोयल, लीना,नेहा अग्रवाल,नेहा यादव,मोनिका बंसल,सरिता सिन्हा,जूली,सुगंधा कॉलोनी के सम्मानित व्यक्ति पूर्व प्रधान जेपी भारद्वाज,समाजसेवी विवेक सचदेवा, सुरेंद्र अग्रवाल,गौरव बिंदल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) की तरफ से डॉक्टर अंकुर शरण,बिजेन्दर सैनी ,सौरव बिंदल उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिभुवन कोशिक सोनीपत लोकसभा के भाजपा चुनाव आयोग संपर्क प्रमुख नियुक्त



**सोनीपत।** भाजपा नेता त्रिभुवन कौशिक को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर त्रिभुवन कौशिक ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड, चुनाव आयोग संपर्क प्रमुख प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कौशिक सांसद रमेश कौशिक का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन पूरी तन्मयता से करेंगे और केंद्र व हरियाणा सरकार की कल्याणकारी नीतियों को कार्यकर्ता व आम जनता में पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को अदालत ने सुनाई 20 साल कैद की सजा

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में किशोरी को बहकाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को 70 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। कुंडली थाना क्षेत्र निवासी ग्रामीण ने 5 मई, 2022 को कुंडली थाना पुलिस को बताया था कि उनके गांव रिंकू उनकी 16 साल की बहन को बहकाकर ले गया है। उनकी बहन 11वीं कक्षा की छात्रा थी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में जांच करते हुए कुंडली थाना पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। किशोरी ने पुलिस को बताया था कि आरोपित ने उसे झज्जर के बहादुरगढ़ में ले गया था। वहां कमरा लेकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने दुष्कर्म की धारा भी जोड़ दी थी। मामले में कार्रवाई करते हुए कुंडली थाना के जांच अधिकारी उदय सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोतिप रिंकू को 20 मई, 2022 को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लेने के बाद घटनास्थल की निशानदेही कराई थी। उसके बाद पुलिस ने सुबूत जुटाने के बाद आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह ने आरोपित को दोषी करार था। शनिवार को मामले में सजा सुनाते हुए अदालत ने दोषी को 6 पॉक्सो एक्ट में 20 साल कैद व 50 हजार रुपये जुमार्ना, भादंसं की धारा 363 व 366 में पांच-पांच साल कैद व 10-10 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है। सभी सजा एक साथ चलेंगी।

### घरेलू गैंस सिलिंडर के लीक होने से घर में लगी आग

**सोनीपत।** बस स्टैंड के पास स्थित धानकान बस्ती के घर में सुबह करीब दस बजे घरेलू गैस सिलिंडर लीक होने से आग लग गई। जिससे हडकंप मच गया। इस दौरान आग घर में भी फैल गई। आग पर काबू पाने के प्रयास में पति-पत्नी झुलस गए। वहीं गैस के प्रभाव में आकर बच्चों की भी हालत बिगड़ गई। चारों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दंपती को दिल्ली व बच्चों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की चार गाड़ियों ने करीब सवा एक घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।धानकान बस्ती निवासी सुनील उर्फ सन्नी मेहरा फड़ी लगाकर कपड़े बेचते हैं। वह शनिवार को सुबह घर पर थे। उनके साथ उनकी पत्नी मंजू (30), बेटी सुदीक्षा (8) व बेटा कैरव (6) भी मौजूद थे। बताया गया है कि सुबह करीब दस बजे अचानक गैस सिलिंडर में आग लग गई। आग लगी देख दंपती ने काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन इस कमरे में कपड़े होने के चलते आग भड़क गई। आग पर काबू पाने के दौरान दोनों झुलस गए। दोनों बच्चे भी गैस के प्रभाव में आ गए और उनकी आंखों में जलन होने लगी। साथ ही सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। घर में आग फैल गई। जिस पर आसपास के लोग भी पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही अग्निशमन विभाग की टीम को सूचना दी। इस दौराल झुलसे दंपती व बच्चों को नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया।

# समय पर किए गए रक्तदान से लोगों का जीवन बचाया जा सकता है: अजय गौड

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** चार्टर्ड अकाउंटेंट इंस्टीट्यूट फरीदाबाद और रेडक्रास सोसाइटी फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान मे आई सी ए आई के प्रांगण मे एक स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया इस शिविर मे अजय गौड़ पूर्व राजनैतिक सचिव मुख्यमंत्री हरियाणा मे बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा डॉ विनय गुप्ता सीएमओ फरीदाबाद तथा राजेश चेची डीएसपी सीएम फ्लाइंग ने विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित होकर रक्तदानियो को प्रोत्साहित किया इस अवसर पर मुख्यातिथि ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें रक्तदान मुहिम के



साथ जुडना चाहिए तथा रक्तदाता द्वारा दान किए गए रक्त से आपातकालीन स्थिति में किसी जरूरत मन्द व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, उन्होंने कहा कि व्यक्ति को रक्तदान के महत्व का अहसास जब होता है जब कोई उसका अपना नजदीकी रक्त की कमी से जिदंगी और मौत से जुझ रहा होता हैं उन्होने कहा कि रक्तदान से बडी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती, हमें समय-समय पर अपना रक्तदान करना चाहिए जिससे कि रक्तकोष में रक्त का अभाव ना रहे और किसी भी व्यक्ति को समय रहते रक्त उपलब्ध करवाया जा सके। सीएमओ फरीदाबाद ने बताया कि हमें नियमित रक्तदान करने के लिए आमजन को प्रेरित करना चाहिए जिससे कि हर युवा इस अभियान से जुड सके। संस्थान के चेयरमैन सी ए नीतेश पाराशर ने संस्थान सभी प्रशिक्षनार्थियो को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर बिजेन्द्र सोरौत सचिव रैड क्रॉस फरीदाबाद ने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र मे पिछले कई वर्षों से हरियाणा राज्य मे प्रथम पायदान पर है तथा गत वर्ष 2022-23 मे भी सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं व रक्तदानियो की बदौलत प्रथम स्थासन पर रहा है इसीलिए सभी फरीदाबाद बधाई के पात्र हैं। सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। रेडक्रॉस संरक्षक विमल खंडेलवाल ने बताया कि हम साल में 4 बार रक्तदान कर सकते हैं, एक यूनिट के माध्यम से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है, हम सभी को नियमित रक्तदान करना चाहिए और लोगों को प्रेरित भी करना चाहिए, आज के आयोजन के लिए इंस्टिट्यूशन साधुवाद का पात्र है, आज के दिन 87 रक्त वीरों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। सीए विपिन शर्मा उन्हें बताया कि हमारा इंस्टिट्यूट मानवता के बहुत सारे कार्य करता है।

# अलग-अलग स्थानों से पांच घरों से नकदी व आभूषण चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर में चोरो को आंतक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों अलग-अलग स्थानों पर पांच घरों से नकदी व आभूषण पर हाथ साफ कर ले गए।। पीड़ितों को घर आने पर चोरी का पता लगता है। पासपोर्ट अधिकारी के बाद अब चोरों ने कनिष्ठ अभियंता, बैंक अधिकारी व कारोबारियों के साथ ही अधिवक्ता के घर को निशाना बनाया है। अलग-अलग स्थानों पर पांच जगह चोरी के मामले सामने आए है। पुलिस टीम मुकदमे दर्ज कर सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके।

**पहला मामला- कनिष्ठ अभियंता के घर से आभूषण व नकदी चोरी-** चोरों ने सेक्टर-15 स्थित कनिष्ठ अभियंता के मकान से आभूषण व नकदी चोरी कर ली। मूलरूप से झज्जर के गांव मुंडाहेडा फिलहाल सेक्टर-15 निवासी गुलशन ने सेक्टर-27 थाना पुलिस का बताया कि वह जिला नगर योजनाकार विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत है। वह ड्यूटी पर गए थे और उनकी पत्नी व बेटा पैतृक गांव में चले गए। चोरों ने उनके घर का ताला तोडकर.सोने का मंगलसूत्र, चेन व 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। जब वह घर पहुंचे तो चोरी का पता लगा। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मामला दूसरा-पानीपत गया था परिवार, घर में हो गई चोरी-**
टेंट व्यवसायी सेक्टर-15 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी नरेश ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि वह परिवार संग पानीपत गए थे। घर पर ताला लगा था। जब वह घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला।
चोर उनके घर से सोने की चेन, मंगलसूत्र, चांद-सूरज, बालियां, चांदी के कडूले, चेन, एलईडी और घर की रजिस्ट्री के कागजात चोरी मिले। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### प्लाट पर कब्जा करने को लेकर जानलेवा हमला करने का आरोप

**सोनीपतः** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पुरखास अड्डा स्थित न्यू महावीर कालोनी में प्लाट पर अवैध कब्जा करने के लिए हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपित पर प्लाट पर कब्जा करने के लिए कार से छह-सात युवको को भेजकर हमला करने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। न्यू महावीर कालोनी निवासी तरुण कुमार ने पुलिस को बताया कि नकलोई के रहने वाले महेंद्र सिंह दहिया उनके प्लाट पर कबजा करने की फिराक में है। वह कई साल से प्लाट को छोड़ देने की धमकी दे रहे है।

# मानव रचना परिसर में फिल्म 'फौजा' के प्रमोशन के लिए पहुंची स्टारकास्ट



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में प्रमोशन के लिए फिल्म "फौजा" की स्टार कास्ट पहुंची। छात्र कल्याण विभाग की ओर से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को फिल्म निर्माण के क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों और कलाकारों से सीधे संवाद करने का मौका मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमआरईआई के महानिदेशक डॉ. एनसी वाधवा और एमआरआईआईआरएस के डायरेक्टर जनरल डॉ. आरके आनंद ने की। कार्यक्रम के दौरान फिल्म निर्देशक प्रमोद कुमार पुन्हाना, मुख्य किरदार कार्तिक डम्मू और टीवी व फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता पवन मल्होत्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्थान से आरजे भावना ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद फिल्म निर्देशक श्री प्रमोद कुमार पुन्हाना ने फिल्म के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ये फिल्म हरियाणा की पृष्ठभूमि पर तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों के जीवन, त्याग व समपर्ण को फिल्म के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की कोशिश की गई है और पूरी उम्मीद है कि ये फिल्म दर्शकों को देशभक्ति और सैनिकों के प्रति गर्व की भावना से जोड़ेगी। उन्होंने सभी से सिनेमाघरों में फिल्म देखने और हरियाणा फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अभिनेता पवन मल्होत्रा ने सैनिकों के जीवन में बलिदान और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि देश के नागरिकों को सैनिकों पर गर्व करना चाहिए और उन्हें पूरा सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये फिल्म युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव डालने का काम करेगी। कार्यक्रम के अंत में एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया, विषय के चयन, किरादारों के अनुभवों से जुड़े सवाल पूछे।

# आमजन को पर्यावरण के प्रति किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** विश्व साइकिल दिवस पर पर्यावरण को शुद्ध रखने के उद्देश्य से इको क्लब द्वारा इंद्रप्रस्थ कालोनी में साइक्लोथोन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढकर भाग किया और साइकिलिंग की। इस दौरान करीब 70 बच्चों ने साइकिलिंग के लिए हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के साथ-साथ ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र सिंह, देवंद्र सिंह रोड सेफ्टी सुरक्षा काउंसलर हरियाणा सरकार, सुरेंद्र दहिया मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने अतिथियों का इको क्लब की कोर सदस्य नीता गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, ममता



श्रीवास्तव, पल्लवी सचान, सोनाली सारस्वत, अंकुर शरन ने स्वागत किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस मौके पर एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने कहा कि आज के दौर में वाहनों के बढ? से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसके चलते लोगों को कई प्रकार की बीमारियां हो रही है। हम पर्यावरण के लिए अपना सहयोग देकर अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर-के पर्यावरण को शुद्ध रखने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि आज थोड़ी बहुत दूर जाने के लिए लोग वाहनों का प्रयोग करते है परंतु ऐसा करने की बजाए साइकिल का प्रयोग करना चाहिए ताकि जहां पर्यावरण शुद्ध रहें वहीं साइकिल चलाने से स्वास्थ्य लाभ भी लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है और इसे हमें समझना होगा। डा. गुंजन जोशी, डा. रितु रस्तोगी, डा. प्रीति गर्ग, गीता गोयल, लीना, नेहा अग्रवाल, नेहा यादव, मोनिका बंसल, सरिता सिन्हा, जूली, सुगंधा इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान दिया। अंत में अतिथियों ने साइक्लोथोन में हिस्सा लेने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए।

# एनएसयूआई की मांग पर नेहरू कॉलेज में आये 6 नए कोर्स

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकताओं ने एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में कॉलेज में नए कोर्स आने पर खुशी जाहिर करते हुए सरस्वती माता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया व कॉलेज के प्राचार्य श्री महेंद्र कुमार गुप्ता का मुँह मीठा कराया तथा छात्रों को लड्डू खिलाये। इस दौरान प्रोफेसर राजेंद्र सिंह, प्रोफेसर अंकित कौशिक, प्रोफेसर देवेंद्र, प्रोफेसर हरवंश मुख्य रूप से मौजूद थे। एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि एनएसयूआई फरीदाबाद का 2 सालो का संघर्ष रंग लाया हैं



जिसके चलते हुए कॉलेज में 6 नए कोर्स आये हैं। कृष्ण अत्री ने बताया कि नए कोर्स में बीए जियोग्राफी ऑनर्स, बीए हिंदी ऑनर्स, एमए जियोग्राफी, एमएससी फिजिक्स, एमसीए तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्पलीकेशन शामिल हैं। उन्होंने बताया एनएसयूआई ने कुल 6 कोर्स की मांग की थी जिनमें से 4 कोर्स को मंजूरी मिली हैं तथा बाकी 2 कोर्स की मांग कॉलेज प्रशासन द्वारा की गई थी। कृष्ण अत्री ने बताया कि इन कोर्स को कॉलेज में लाने के लिए एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने काफी प्रयास किये। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर 30 जनवरी 2021 को नेहरू कॉलेज के प्राचार्य श्री महेंद्र गुप्ता को उच्चतर शिक्षा विभाग के डायरेक्टर श्री अजित बालाजी जोशी के नाम ज्ञापन सौंपा था और इसके बाद 10 फरवरी 2021 को नेहरू कॉलेज के गेट पर हस्ताक्षर अभियान चलाया था जिसमें 2500-3000 छात्रों ने हस्ताक्षर करके सहमति दर्ज करवाई थीं तथा 13 फरवरी 2021 को नेहरू कॉलेज में पहुँचे विधायक राजेश नागर को ज्ञापन सौंपा था। इसी संघर्ष के ही चलते सत्र 2022-2023 में बीए जियोग्राफी कोर्स शुरू हुआ था और अब सत्र 2023-2024 की शुरूआत में ही 5 नए कोर्स और शुरू हो रहे है। कृष्ण अत्री ने बताया कि एनएसयूआई एकमात्र ऐसा संगठन हैं जो हमेशा छात्रों की मांगों को प्रमुखता के साथ उठाता है और उन्हें पूरा भी करवा कर देता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी कई प्रमुख मांगो को उठाया जाएगा और उन्हें पूरा करवाया जाएगा। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आकाश पंडित, एडवोकेट शशांक जैन, आरिफ खान, पुनीत सहरावत, सोनू सिंह, मनीष चौधरी, सुमित तंवर, निपुण गौड़, गैरी तंवर, लक्ष्य ठाकुर, सचिन त्यागी, लावनीष, हर्ष चौधरी, अभिषेक, रिंकेश, अनुज सोरौत आदि छात्र मौजूद थे।

# नागरिक अस्पताल में जरूरी दवाओं को टोटा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिले के नागरिक अस्पताल में काफी समय से जरूरी दवाओं की कमी देखने को मिल रही है। अस्पताल में उपचार करवाने के लिए आने वाले मरीजों को आधी दवाओं के साथ अस्पताल से वापिस जाना पड़ रहा है। दवाओं की कमी के चलते मरीजों पर आर्थिक बोझ अलग से पड़ रहा है। मजबूरी में मरीज का उपचार सही चल सके उसके लिए निजी मेडिकल स्टोर से दवा खरीदनी पड़ रही है। मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। शनिवार को राठधाना गांव में पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने जल्द जरूरी दवाओं की कमी का दूर करने का आश्वासन दिया है।
बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज करीब 1600 से लेकर 1800 तक मरीजों की ओपीडी संख्या होती है। अस्पताल अलग-अलग बीमारियों से ग्रस्त मरीज उम्मीद और आशा के साथ पहुंचते है। कि उनको अस्पताल में बेहतर उपचार मिल सकेगा। लेकिन नागरिक अस्पताल में बिना दवाइयों के इलाज कैसे संभव हो सकता है। नागरिक अस्पताल में पिछले कई महीनों से दवाइयों का टोटा चल रहा है। अस्पताल में आने वाले गरीब और आर्थिक रुप से कमजोर लोगों का बीमार होना उनके लिए मजाक बनकर रह गया है। शारीरिक मार के चलते उनपर बाहर से दवा खरीदने पर आर्थिक मार पड़ रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार रोहतक वेयर हाउस में दवा न मिलने की बात कही जा रही है। अस्पताल में दवाइयों के टोटे का फायदा प्राइवेट मेडिकल स्टोर वाले जमकर उठा रहे है, और प्राइवेट मेडिकल स्टोर दवाइयों के रेट ओने पौने दाम ले रहे है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 04 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### छोटे भाई से झगड़े से नाराज नाबालिग बहन ने की आत्महत्या

**फरीदाबाद:** छोटे भाई द्वारा टूथब्रश का प्रयोग किए जाने से गुस्साई एक 17 वर्षीय नाबालिग बहन ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। नाबालिग का पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मामला बल्लभगढ़ की त्रिखा कालोनी का है। वारदात के समय सभी परिजन पड़ोस में हो रहे कीर्तन में गए हुए थे। लडकी ने सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार लडकी के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है. जिसमें लिखा है, अब किसी को डांटना नहीं पड़ेगा...आई लव यू। मृतका मनीषा के दादा रामेश्वर ने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का छोटे भाई संजू के साथ झगड़ा हो गया था। दरअसल, उसके छोटे भाई ने मनीषा के टूथ ब्रश से अपने दांत साफ कर लिए थे। इसी के चलते दोनों भाई बहन में झगड़ा हो गया। झगड़ा होता देख मां गीता ने मनीषा और छोटे भाई को डांट दिया, जिसके बाद मामला शांत हो गया। मृतक लडकी के चाचा ने बताया कि मामला शांत होने के बाद मनीषा की मां गीता व उनका पूरा परिवार पड़ोस में हो रहे कीर्तन में चला गया। जब वे कीर्तन से वापस लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा बंद है और टीवी की आवाज तेज है।

### कांगड़ा के मंदिरों में अब नही सजेंगे प्लास्टिक के फूल

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला प्रशासन क्षेत्र के मंदिरों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है। प्रशासन जिले में प्लास्टिक मुक्त मंदिर परियोजना का शुभारंभ करेगा।
इस प्रोजेक्ट के तहत मंदिरों में रखे प्लास्टिक के फूलों को असली फूलों से बदला जाएगा। उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पांच जून को श्री चामुंडा माता मंदिर से प्लास्टिक मुक्त मंदिर परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

# बृजभूषण के खिलाफ 4 गवाह सामने आए

## 2 महिला रेसलर, कोच और इंटरनेशनल रेफरी, 4 मंत्रियों की टीम कर सकती है पहलवानों से बातचीत

### शिकंजे की तैयारी!

**दिल्ली पुलिस आरोपों वाली जगह यानी 4 राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड और कर्नाटक में इसकी जांच कर रही है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यौन** शोषण के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती है। दिल्ली पुलिस को इस मामले में 4 गवाह मिले हैं, जिन्होंने बृजभूषण पर लगे आरोपों की पुष्टि की है। इनमें एक-एक ओलिंपियन, कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट, इंटरनेशनल रेफरी और स्टेट लेवल कोच शामिल है। ये सभी उन 125 गवाहों में शामिल हैं, जिन्हें इस केस में शामिल किया गया है। दिल्ली पुलिस आरोपों वाली जगह यानी 4 राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड और कर्नाटक में इसकी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपों की पुष्टि करने वाले गवाह ओलिंपियन और कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट, दोनों महिला रेसलर हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस की जांच टीम को बताया कि बृजभूषण के सेक्सुअल हैरेसमेंट के बारे में घटना के एक महीने बाद केस दर्ज कराने वाली महिला रेसलर्स ने उन्हें बताया था। शिकायत करने वालों में शामिल एक महिला पहलवान के कोच ने दिल्ली पुलिस की एसआईटी को बताया कि बृजभूषण के सेक्सुअल फेवर मांगने के बारे में घटना के 6 घंटे बाद उन्हें फोन पर बताया गया था। इंटरनेशनल रेफरी ने कहा कि जब वे टूर्नामेंट के लिए इंडिया या विदेशों में जाते थे तो महिला रेसलर्स से उनकी इस परेशानी के बारे में सुनते थे।
**केंद्र गिरफ्तारी पर राजी नहीं:** सूत्रों के मुताबिक, केंद्र पहलवानों की 5 मांगों को मानने को तैयार है। इनमें महिला कुश्ती कैंप लखनऊ से पटियाला, आरोपी कोच को हटाने, डब्ल्यूएफआई को सस्पेंड करने, पहलवानों पर दर्ज दंगे के केस वापस लेने और महिला कुश्ती की कमान किसी महिला को सौंपना शामिल है। मगर, बृजभूषण की गिरफ्तारी और फेडरेशन से पूरी तरह बेदखल करने की शर्त पर सरकार राजी नहीं है। सरकार का कहना है कि पहलवान चाहें किसी भी एजेंसी से जांच करा लें, लेकिन वे सीधे बृजभूषण को गिरफ्तार करने का आदेश नहीं दे सकते। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने को लेकर भी सरकार की शर्त है कि पहलवान धरना छोड़ खेल में लौटें। केंद्र पहलवानों से बातचीत के लिए 4 मंत्रियों की कमेटी बना रहा है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, एक महिला मंत्री के अलावा 2 और मंत्री होंगे।

### बृजभूषण के खिलाफ 2 एफआईआर सामने आई

**बृजभूषण** के खिलाफ दिल्ली पुलिस की दर्ज 2 एफआईआर सामने आ चुकी हैं। एक एफआईआर में नाबालिग पहलवान ने आरोप लगाए कि बृजभूषण ने फोटो खींचने के बहाने जबरन उसे बाहों में पकड़ा। बृजभूषण ने कहा कि तुम मुझे सपोर्ट करो और मैं तुम्हें सपोर्ट करूंगा। फिर उसे कमरे में बुलाकर जबरन फिजिकल रिलेशन बनाने की कोशिश की। जब वह नहीं मानी तो ट्रायल में उसे परेशान किया। दूसरी एफआईआर में 6 बालिग पहलवानों ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें बृजभूषण पर आरोप लगाए कि उन्हें जबरन पकड़ा। सांस चैक करने के बहाने टी-शर्ट उतारी। उनके सीने और पेट पर हाथ फेरा। चोट का इलाज करवाने के बहाने सेक्सुअल फेवर मांगा। अगर किसी पहलवान ने इसका विरोध जताया तो उसे धमकाया कि आगे कॉम्पिटिशन नहीं खेलने हैं क्या?। एक पहलवान को कमरे में बुलाकर बेड पर लेटने को कहा।

### गोल्डन टेंपल के पास बम की सूचना से हड़कंप


**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में गोल्डन टेंपल के पास 4 बम होने की सूचना मिली। शुक्रवार देर रात पुलिस कंट्रोल रूम पर आए फोन के बाद पुलिस अलर्ट हो गई और रात भर सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस को इस पूरी कार्रवाई में बम तो नहीं मिले, लेकिन एक युवक को हिरासत में लिया गया। सिर्फ दहशत फैलाने के लिए यह शरारत की गई थी। घटना रात तकरीबन 1 बजे की है। मध्यरात्रि को गोल्डन टेंपल में श्री अकाल तख्त साहिब के पिछली तरफ बम होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर दी गई। जिसके बाद गोल्डन टेंपल के आसपास पुलिस भी बढ़ा दी गई और सर्च अभियान शुरू किया गया। काफी समय सर्च के बाद पुलिस को कुछ नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने फोन करने वाले का डेटा खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस ने कंट्रोल रूम से डिटेल निकाली और फोन के मालिक का पता लगाया। जांच में पता चला कि वे फोन चोरी हो चुका है, लेकिन पुलिस ने कोशिश नहीं छोड़ी। डीसीपी परमिंदर सिंह भंडाल ने बताया कि शरारती युवक की पहचान मजीठ मंडी निवासी गगनदीप सिंह (20) के तौर पर हुई है।

## बंगाल में उगाया गया दुनिया का सबसे महंगा आम

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल के बीरभूम के दुबराजपुर में दुनिया का सबसे महंगा आम मियाजाकी उगाया गया है। स्थानीय मस्जिद में लगे इस आम की शुक्रवार को वहां के अधिकारियों ने नीलामी की। इसमें उन्होंने लाखों रुपए कमाए, जिसका इस्तेमाल मस्जिद के विकास में होगा। हालांकि, उन्होंने कमाई का आंकड़ा जारी नहीं किया है। आमतौर पर जापान में पाए जाने वाले इस आम का वजन 350 ग्राम होता है और इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए प्रति किलो होती है। ऐसे में अगर एक किलो में 3 आम भी चढ़ते हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक आम की कीमत लगभग 90 हजार रुपए होगी। इस आम के कुछ पौधे झारखंड के जामताड़ा में भी लगाए गए हैं।
**बाहर घूमने गया था स्थानीय व्यक्ति, वहां से पौधा लाया:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैयद सोना 2 साल पहले विदेश घूमने गए थे। वे वहां से मियाजाकी का एक पौधा लाए थे, जिसे उन्होंने मस्जिद परिसर में लगाया था।

## 'पिछले साढ़े 8 वर्षों में डिजिटल हुआ हरियाणा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में उठाए गए अनेक कदम नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रहे हैं। ई-गवर्नेंस के माध्यम से सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में मानव हस्तक्षेप को कम करके आम जनमानस को उनके घर द्वार पर सभी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है, वहीं प्रशासनिक प्रक्रियाओं ने भी गति पकड़ी है और पुरानी जर्जर व्यवस्था में परिवर्तन आया है। परिणामस्वरूप



आज प्रशासन स्मार्ट (सिंपल, मोरल, अकाउंटेबल, रिस्पांसिबल, ट्रांसपेरेंट) बना है। मुख्यमंत्री करनाल से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के संचालकों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीएससी संचालकों से उनके अनुभवों को भी जाना। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएससी संचालकों से योजनाओं के लिए डेटा अपलोड करने से संबंधित जानकारी मांगी तो कुछ सीएससी संचालकों ने कहा कि कई बार उनके स्तर पर पोर्टल पर डाटा दर्ज करने में गलती हो जाती है, जिससे पात्र लाभार्थी को देरी से लाभ मिलता है।
इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि सीएससी स्तर पर अपलोड किए गए डाटा में किसी भी प्रकार की गलती होती है तो उस गलती को 48 घंटों के अंदर दुरुस्त किया जाए ताकि लोगों को सेवाओं के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

## राज्यसभा में मेरी 60% से ज्यादा हाजिरी है: सांसद हरभजन सिंह

### भज्जी का दावा

**शायद वह पहले राज्यसभा सदस्य होंगे जिन्होंने सारा एमपी लैड फंड डीसी के जरिये विकास कार्यों में लगा दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
पूर्व क्रिकेटर एवं पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी ने राज्यसभा में उनकी हाजिरी को लेकर सवाल उठाने वालों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में उनकी 60% से ज्यादा हाजिरी है। उन्होंने पंजाब के कई मुद्दे सदन में उठाए हैं। हाजिरी पर सवाल उठाने वाले उनके काम देखें। भज्जी ने दावा कि शायद वह पहले राज्यसभा सदस्य होंगे जिन्होंने अपना लगभग सारा एमपी लैड फंड डीसी के जरिये विकास कार्यों में लगा दिया है। उनकी बस एक ही कमी है और वो ये कि वह अपनी पब्लिसिटी नहीं करते। वाहेगुरु ने उन्हें औकात से कहीं ज्यादा दिया है इसलिए पब्लिसिटी की जरूरत नहीं है। वह सिर्फ काम करने में विश्वास रखते हैं। आजकल तो 1 रुपए का काम कर 10 का दिखाने वाला जमाना आ गया है।

